INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त-134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-260 | सांध्य दैनिक | मथुरा/आगरा संभाग, शनिवार, 14 नवंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

छाता चीनी मिल प्रकरण पर भाजपा को लाना चाहिए श्वेत पत्र

यूनिक समय, मथुरा। पूर्व मंत्री एवं मांट विधानसभा क्षेत्र से आठ बार विधायक रहे श्याम सुंदर शर्मा ने छाता चीनी मिल प्रकरण को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि छाता चीनी मिल को बंद करने का काम भाजपा ने किया था। चुनाव के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी मिल को दोबारा शुरू कराने की कई बार बातें कहीं, लेकिन अब तक नतीजा सामने नहीं आया। भाजपा को अब छाता चीनी मिल प्रकरण पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए, ताकि जनता को वास्तविक स्थिति का पता चल सके।


पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा।

पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा बोले- चुनाव में अमित शाह राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी ने किए थे वादे

शनिवार को यूनिक समय के साथ बात करते हुए श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि चीनी मिल क्षेत्र के किसानों और स्थानीय लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बंद होने से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ा है। चुनाव के समय किए गए वादों और मिल को शुरू कराने की दिशा में अब तक हुई कार्रवाई का हिसाब जनता के सामने आना चाहिए। केवल घोषणाओं से किसानों की समस्या का समाधान नहीं होगा। मांट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि समूचे ब्रजवासी उनके दिल में बसते हैं और यही उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। ब्रज के लोगों का स्नेह और विश्वास ही उनकी राजनीतिक पूंजी है। कांग्रेस को मजबूत करना उनका लक्ष्य है और इसके लिए वह लगातार प्रयासरत हैं।

पूर्व मंत्री ने मांट क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उप्र. में उन्होंने परिषदीय विद्यालय मांट में बनवाए, अन्य शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करवाई, किसी विपक्षी के पास इसका जवाब है। आज सत्ता में बैठे लोग बताएं, उन्होंने मांट के लिए क्या किया। चालीस साल में एक बिजली चोरी दर्ज नहीं हुई, आज तो काफी संख्या में मामले दर्ज हो रहे हैं। युवाओं को लाइसेंस दिलवाए, जो आज सुरक्षाकर्मी की नौकरी कर रहे हैं। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा तोड़ने का और कांग्रेस जोड़ने का काम करती है, यह दोनों दलों की सोच का अंतर है। यमुना प्रदूषण पर भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि क्या यमुना प्रदूषण से मुक्त हो गई। अरे, यह तो मथुरा- वृंदावन की रेल बस को खा गए, जो गरीब और भिक्षुकों की मददगार थी।

एक्सप्रेस-वे के राया कट पर आग का गोला बनी चलती बस


एक्सप्रेस-वे पर जलती बस को पानी डालकर बुझाते दमकल कर्मी।

एक्सप्रेस-वे के राया कट पर चलती बस में लगी आग

खिड़कियों से कूदकर यात्रियों ने बचाई जान बस में सवार थे करीब 40 यात्री

यूनिक समय, मथुरा। राया कट पर शनिवार देर रात चलती बस में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। आग की लपटें उठती देख यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दमकल की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

पुलिस के अनुसार, शनिवार को रात करीब 1:38 बजे पीआरवी 5840 पर सूचना मिली कि राया कट पुल के ऊपर किलो मीटर संख्या 110 के पास एक बस में आग लग गई है।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। सीओ महावन संजीव कुमार राय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। अभी तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

बस खजुराहो ट्रेवल्स की थी, जिसे चालक जितेंद्र पुत्र मोहनलाल निवासी नौगांव, छतरपुर (मध्य प्रदेश) चला रहे थे। चालक दिल्ली के कश्मीरी गेट से करीब 40 सवारियों को लेकर छतरपुर जा रहा था। राया कट पुल के ऊपर बस की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। आग लगने के सही करणों का पता दमकल विभाग और पुलिस की जांच के बाद चलेगा।

बस की खिड़कियों से कूदे यात्री

डबल डेकर बस में जिस समय आग लगी तब ज्यादातर यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। बस में धुआं भरते ही यात्रियों की नींद टूटी तो चीख पुकार मच गई। इसके बाद यात्री बस की खिड़कियों से कूदने लगे। इस दौरान उनका सामान बस में ही छूट गया और जल गया।

रियल एस्टेट कारोबारी के ठिकानों पर 24 घंटे बाद भी आयकर विभाग की जांच जारी



होटल, आवास और सर्राफा प्रतिष्ठान भी जांच के दायरे में, लेन-देन के दस्तावेज खंगाल रहीं टीमें

यूनिक समय, मथुरा। मथुरा-वृंदावन में बड़े कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई से व्यापारिक जगत में हलचल मची हुई है। रियल एस्टेट और होटल कारोबारी के ठिकानों पर शुक्रवार सुबह शुरू हुई सर्च शनिवार को भी जारी रही। 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी विभाग की टीमें वित्तीय लेन-देन और संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में जुटी रहीं।

आयकर विभाग की टीमें धौलीप्याऊ स्थित कारोबारी के आवास और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर जांच कर रही हैं। इसके अलावा वृंदावन के चैतन्य विहार फेस-दो स्थित लज्जाराम आश्रम गेस्ट हाउस समेत अन्य स्थानों पर भी पड़ताल की गई। कारोबार में साझेदारी, संपत्तियों में निवेश और करीबियों के वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

इसी बीच शनिवार दोपहर सर्राफा बाजार स्थित एक ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान पर भी आयकर विभाग की टीम पहुंची। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों ने संचालक से पूछताछ की और प्रतिष्ठान के बिलों और लेन-देन से संबंधित दस्तावेजों की जांच की।

लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से सर्राफा बाजार सहित शहर के व्यापारिक क्षेत्रों में चर्चाएं तेज हैं। हालांकि आयकर विभाग की ओर से किसी भी कार्रवाई के कारण, जांच के दायरे या संभावित अनियमितताओं को लेकर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फिलहाल विभागीय जांच जारी है और कार्रवाई के नतीजों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

मिशन 2027 को मथुरा में होगा बीजेपी का महामंथन

योगी आदित्यनाथ-नितिन नवीन बनाएंगे जीत का रोडमैप

यूनिक समय, मथुरा। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की सियासी बिसात बिछाने के लिए भाजपा मथुरा में बड़ा महामंथन करने जा रही है। 16 और 17 नवंबर को प्रस्तावित दो दिवसीय कोर ग्रुप और संगठनात्मक बैठक में पार्टी के दिग्गज नेता जुटेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े शामिल होंगे। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों, राजनीतिक समीकरणों और जीत की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। मथुरा में होने वाली इस बैठक को भाजपा के मिशन-2027 के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, 17 नवंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी बैठक में शामिल होंगे। उनके साथ कोर ग्रुप के संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों के आकलन जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। भाजपा नेतृत्व का लक्ष्य आगामी चुनाव के लिए अभी से रणनीति तैयार करना है, ताकि बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जा सके। मथुरा में होने वाली इस बैठक पर प्रदेश की सियासत की निगाहें रहेंगी।

संगठन के सूत्रों का कहना है कि यह बैठक गौ ग्राम परखम स्थित गौ ग्राम में होने के आसार हैं।



गौ ग्राम परखम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी लेते डीएम सीपी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार आदि।

16 और 17 नवंबर को जुटेंगे पार्टी के दिग्गज

संगठनात्मक बैठकों में चुनावी तैयारियों पर होगा मंथन

अन्य सदस्य भी मौजूद रहेंगे। बैठक में दूसरे प्रदेशों से उत्तर प्रदेश में लगाए गए छह संगठन मंत्रियों की मौजूदगी भी रहेगी। पार्टी नेतृत्व इन संगठन मंत्रियों से जमीनी स्तर पर संगठन की स्थिति और चुनावी तैयारियों का फीडबैक ले सकता है। दो दिवसीय मंथन में चुनाव से पहले

अंदर के पेजों की प्रमुख खबरें


आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, दो यात्रियों की मौत
पेज-10 पर


300 टायर वाला विशालकाय ट्रेलर हाईवे पर हुआ पंचर, लगा जाम
पेज-12 पर

ठाकुर बांके बिहारी के दरबार में उमड़ा भक्तों का सैलाब, गलियां पड़ीं छोटी



शनिवार को बांकेबिहारी दर्शन को गली में उमड़ा श्रद्धालुआ का रैला।

वीकेंड पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से चरमराई यातायात व्यवस्था

वृंदावन में मंदिर मार्ग से लेकर प्रमुख संपर्क सड़कों तक लगा जाम

यूनिक समय, वृंदावन। ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन की आस में शनिवार को श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि धर्मनगरी की गलियां भी छोटी पड़ गईं। दीपावली के बाद वीकेंड पर मिले अवकाश ने श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ा दी।

सुबह से ही मंदिर के आसपास भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। मंदिर की ओर जाने वाले प्रमुख रास्तों पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची। भीड़ का दबाव बढ़ने के साथ ही नगर की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो गई। कई प्रमुख मार्गों और संपर्क गलियों में वाहनों की लंबी कतारें लगने से जाम के हालात बन गए।

देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ यहां पहुंचे। कोई ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन के लिए आतुर था तो कोई अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना करने पहुंचा।

सुबह से ही श्रद्धालु राधे-राधे का जयघोष करते हुए मंदिर की ओर बढ़ते नजर आए। भ्की वजह से संकरी गलियों में श्रद्धालुओं की आवाजाही के कारण पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ उनके निजी वाहनों का दबाव भी नगर की सड़कों पर दिखाई दिया। प्रमुख चौराहों, मंदिर की ओर जाने वाले रास्तों और संपर्क मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए। स्थानीय लोगों और बाहर से आए श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजारों में भी भीड़ का असर दिखाई दिया।

श्रद्धालु हो गए परेशान, वृद्धजन अकुलाए

बांकेबिहारी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ से व्यवस्था चरमरा गईं। भीड़ का दबाव बढ़ने से उम्र दराज श्रद्धालुओं को परेशानी हो गई। सांस लेने में परेशानी के चलते कई बुजुर्ग श्रद्धालु रेंलिग के सहारे खड़े हो गए, जबकि तीन श्रद्धालुओं को गार्डों ने सहारा देकर निकाला।



धुंध और कोहरे की दस्तक से बदला मौसम, बढ़ने लगी ठंड



शनिवार सुबह हल्का कोहरा और धुंध की वजह से लाइट जलाकर चलते वाहन।

सुबह-शाम ठिठुरन का अहसास, प्रदूषण का स्तर भी बढ़ा

यूनिक समय, मथुरा। तीर्थनगरी और आसपास के क्षेत्रों में मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी है। सुबह के समय हल्की धुंध और कोहरे की दस्तक के साथ ठंडक का अहसास बढ़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों से मौसम में हो रहे बदलाव का असर अब लोगों की दिनचर्या पर भी दिखाई देने लगा है। सुबह घरों से निकलने वाले लोगों को हल्की ठिठुरन का सामना करना पड़ रहा है, वहीं शाम ढलते ही हल्की ठंड का असर बढ़ने लगा है।

शनिवार सुबह शहर और आसपास के खुले इलाकों में धुंध छाई रही। इसके चलते दृश्यता घटकर करीब 200 मीटर तक रह गई। सुबह के समय सड़कों पर वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ी। खासकर ग्रामीण और खुले क्षेत्रों में धुंध का असर अधिक दिखाई दिया। मौसम में ठंडक बढ़ने के साथ ही लोगों ने गर्म कपड़े निकालने शुरू कर दिए हैं। सुबह की सैर करने वाले लोग भी अब गर्म कपड़ों में नजर आने लगे हैं।

मौसम में बदलाव के बीच वायु प्रदूषण भी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। सुबह आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 297 दर्ज किया गया। धूप निकलने के बाद दोपहर में यह घटकर 235 पर पहुंच गया। हालांकि प्रदूषण का स्तर अब भी खराब श्रेणी में बना हुआ है। सुबह के समय धुंध और प्रदूषण के मिश्रित प्रभाव से सांस संबंधी परेशानी वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

आने वाले दिनों में और गिरेगा पारा

मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में बहुत अधिक बदलाव नहीं होगा, लेकिन न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट आने के संकेत हैं। 15 नवंबर को न्यूनतम तापमान करीब 17 डिग्री रहने का अनुमान है, जबकि 17 नवंबर तक इसके 14 डिग्री और 19-20 नवंबर तक 12-13 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। सुबह के समय हल्की धुंध और कोहरे का असर बना रह सकता है। दिन में आसमान साफ रहने और धूप निकलने से लोगों को राहत मिलेगी।

साइकिल से भारत भ्रमण पर निकले गणेश दास



साइकिल से भारत भ्रमण करते गणेश दास।

प्रमुख तीर्थों की यात्रा का संकल्प, प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का लक्ष्य

यूनिक समय, वृंदावन। धर्म और आस्था के प्रति समर्पण का भाव लेकर श्री गणेश दास बाबा साइकिल से भारत भ्रमण की यात्रा पर निकले हैं। बीते साल सितंबर में भारत कुटी आश्रम से शुरू हुई इस यात्रा का उद्देश्य देश के प्रमुख तीर्थस्थलों और धार्मिक धामों के दर्शन करना है। बाबा ने अपनी यात्रा को धार्मिक आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक साधना से जोड़ते हुए भारत के विभिन्न तीर्थों तक पहुंचने का संकल्प लिया है।

यात्रा के निर्धारित मार्ग में खाटू श्याम, सालासर बालाजी, मेहंदीपुर बालाजी, ब्रज की 84 कोस परिक्रमा, अयोध्या, चित्रकूट और अमरकंटक जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल शामिल हैं। इसके बाद नर्मदा परिक्रमा, द्वारका, जगन्नाथ पुरी, परशुराम कुंड, तिरुपति बालाजी, बद्रीनाथ और केदारनाथ सहित देश के अनेक प्रमुख तीर्थों तक पहुंचने की योजना है।

बाबा की यात्रा में नारायण सरोवर और द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन भी शामिल हैं। बाबा का लक्ष्य भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करना है।

पुलिस ने 24 घंटे में बरामद किया लापता किशोर

यूनिक समय, मथुरा। कृष्णा नगर क्षेत्र से लापता हुए व्यापारी के नाबालिग पुत्र को कृष्णानगर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आगरा से बरामद कर लिया।

कृष्णानगर क्षेत्र में रहने वाले कारोबारी का बेटा 12 नवंबर की दोपहर को घर से अचानक लापता हो गया था। कारोबारी ने इसकी सूचना तत्काल कोतवाली और कृष्णानगर पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत ही सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किए और सर्विलांस की मदद से उसके मोबाइल फोन के लोकेशन को ट्रेस किया। किशोर की लोकेशन आगरा में मिली। इसके बाद पुलिस ने उसे आगरा से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। लापता बालक 24 घंटे के भीतर आगरा से सकुशल बरामद कर परिवार के सुपुर्द कर दिया।

सात महीने बाद सड़कों पर फिर निकले प्रेमानंद



शनिवार सुबह वृंदावन में पैदल चलकर जाते संत प्रेमानंद।

संत प्रेमानंद के स्वागत को उमड़ा भक्तों का सैलाब

फूलों की चादर बिछाकर किया स्वागत

राधा नाम के जयकारों से गूंजा परिक्रमा मार्ग

फूलों से सजा रास्ता, गूंजे राधे-राधे के जयकारे

यूनिक समय, वृंदावन। तीर्थनगरी में शनिवार सुबह संत प्रेमानंद की पदयात्रा का भव्य नजारा देखने को मिला। करीब सात महीने बाद एक बार फिर परिक्रमा मार्ग पर पुराना भक्तिमय माहौल नजर आया। संत के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट गई। भक्तों ने फूलों की वर्षा और राधा नाम के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया।

संत प्रेमानंद सुबह यमुनापार बेलवन स्थित यमुना बिहार कुंज आश्रम से अपने परिकर के साथ रवाना हुए। वाहन से यमुना तट पहुंचने के बाद उन्होंने स्टीमर से नदी पार की और वृंदावन पहुंचे। परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या देखकर वह वाहन से उतर गए और पैदल ही केली कुंज आश्रम की ओर चल पड़े। पदयात्रा शुरू होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह छा गया। करीब एक किलोमीटर तक सड़क पर फूल बिछाकर स्वागत किया गया। जगह-जगह आतिशबाजी भी की गई। बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और आश्रम के सेवादारों ने रस्सियों से सुरक्षित रास्ता बनाया। मई के बाद एक बार फिर पदयात्रा का यह दृश्य देखकर ब्रजवासियों और बाहर से आए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

बांके बिहारी मंदिर में वीआईपी प्रवेश व्यवस्था में बड़ा बदलाव, गेट चार बंद

अब गेट दो से होगा वीआईपी प्रवेश, सेवायत गोस्वामियों के यजमानों को भी इसी गेट से मिलेगी एंट्री

यूनिक समय, मथुरा। वृंदावन के प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में वीआईपी प्रवेश व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गेट नंबर-4 से वीआईपी प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अब 14 नवंबर से वीआईपी श्रद्धालुओं को गेट नंबर-2 से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत सेवायत गोस्वामियों के यजमानों को भी गेट नंबर-4 के बजाय गेट नंबर-2 से ही प्रवेश करना होगा। इस संबंध में सहायक प्रबंधक उमेश चंद्र सारस्वत ने पत्र जारी कर नई व्यवस्था की जानकारी दी है। मंदिर की प्रवेश व्यवस्था में किए गए इस बदलाव के बाद वीआईपी श्रद्धालुओं और सेवायत गोस्वामियों के यजमानों के लिए प्रवेश का रास्ता बदल जाएगा। अब दोनों श्रेणियों के श्रद्धालुओं को गेट नंबर-2 से ही मंदिर में प्रवेश करना होगा।

लोडर टैंपो की टक्कर से रेलवे क्रॉसिंग का बूम टूटा



शनिवार को मांट क्रासिंग का बूम टूटने के बाद लगी वाहनों की कतार।

सोनई स्टेशन पर खड़ी रही पेसेंजर ट्रेन

यूनिक समय, मथुरा। मथुरा-कासगंज रेलवे ट्रैक पर कस्बा राया के मांट मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार को एक लोडर टेम्पो की टक्कर से क्रॉसिंग का बूम टूट गया। हादसे के चलते रेलवे फाटक पर आवागमन बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कासगंज से आगरा फोर्ट की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को सुरक्षा की दृष्टि से सोनई रेलवे स्टेशन पर ही रोकना पड़ा।

काजगंज से आगरा फोर्ट की ओर जाने वाली पेसेंजर ट्रेन का सिगनल मिलने के बाद गेटमैन मांट क्रासिंग को बंद कर रहा था। इसी दौरान तेज गति लोडर टैम्पो को लेकर आ रहे चालक ने क्रासिंग के बूम में टक्कर मार दी। इससे बूम टूट गया। इसके बाद क्रॉसिंग पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। रेलवे फाटक का बूम टूटने के कारण सड़क पर दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रुक गई और जाम की स्थिति बन गई।

घटना की सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान मौके पर पहुंचे। आरपीएफ ने मामले की जांच करते हुए बूम तोड़ने के आरोपी लोडर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैंट आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक जय सिंह यादव ने बताया कि लोडर टैम्पो की टक्कर से मांट क्रांसिंग का बूम टूट गया। आरोपी लोडर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई। इस कराण करीब 10 मिनट पेसेंजर ट्रेन को सोनई रेलवे स्टेशन पर रोका गया। ट्रेन को स्लाइडर बूम लगा कर क्रासिंग से गुजारा गया। छावनी स्टेशन प्रबंधक हेमराज मीना ने बताया कि क्रासिंग का बूम टूटने के बाद ट्रेन को सोनई रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया।



घर के समीप पड़ा मिला अधेड़ का शव



राजू का फाइल फोटो

यूनिक समय, मथुरा। हाईवे थाना क्षेत्र स्थित आनंदकुंज में रहने वाले अधेड़ का शव घर के निकट सड़क किनारे पड़ा मिला। मृतक के परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर की है। पुराने एआरटीओ कार्यालय के निकट बनी आनंदकुंज कालोनी में रहने वाले 46 वर्षीय राजू पुत्र रामजीलाल का शव शनिवार की सुबह घर के निकट हलवाई की दुकान के सामने पड़ा मिला।

सूचना मिलने के बाद हाईवे थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के बेटे सागर और छोटे भाई लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि राजू भाई दूज पर बहन के यहां मुरैना गए थे। मुरैना से ही वह ग्वालियर किसी रिश्तेदार के यहां चले गए। शुक्रवार की रात वह डबरा से मथुरा आने के लिए ट्रेन में सवार हुए थे। ट्रेन से मथुरा उतरने के बाद वह घर के लिए चले। इसके बाद से परिजन लगातार उनके फोन पर फोन मिलाते रहे, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। बेटे और भाई ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए बताया कि उनके गले की चेन, अंगूठी व मोबाइल फोन गायब मिले। उन्होंने अनहोनी की आशंका जाहिर की है। वहीं हाईवे पुलिस का कहना है कि राजू शराब पीने का आदि था। अधिक नशा होने के कारण वह घर के निकट गिर गए होंगे और उनकी मौत हो गई होगी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम में ही मौत की सही वजह का पता चल सकेगा।

परिजनों ने जाहिर की अनहोनी की आशंका

कार-ट्रैक्टर की भिड़ंत में चार घायल



टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर

यूनिक समय, सुरीर। थाना नोहझील क्षेत्र में नौहझील-रायपुर मार्ग पर शुक्रवार देर रात जाफरपुर तिराहे के समीप कार और ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस के अनुसार, कार सवार लोग गांव दौताना में आयोजित शादी समारोह से शामिल होकर जनपद अलीगढ़ के गांव पखौदना लौट रहे थे। इसी दौरान जाफरपुर तिराहे के समीप उनकी कार बिना नंबर के सोनालिका ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में कार चालक चांद बाबू निवासी दौताना थाना छाता, बदले, उनकी पत्नी खातून और

शादी समारोह से लौटते समय जाफरपुर तिराहे के पास हुआ हादसा

जिला अस्पताल रेफर किए गए घायल

अलाउद्दीन निवासीगण गांव पखौदना थाना टप्पल, जनपद अलीगढ़ घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और ट्रैक्टर को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

किशोरी से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। राया थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दुराचार करने के आरोपी विराट पुत्र डालचन्द्र निवासी बिरजूगढी थाना नौहझील को राया कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। राया थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया कि विराट के खिलाफ किशोरी की मां ने दुराचार का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

कार्यालयः- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

फोन नंबर-0565-3550761

मो. 9837155888

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

यमुना में उतराता मिला हरदोई के युवक का शव

यूनिक समय, मथुरा। ध्रुव घाट के निकट यमुना में 19 वर्षीय युवक का शव यमुना में उतराता मिला। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान संभव हुई।

शहर कोतवाली की बंगाली घाट पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित ध्रुव घाट के निकट शनिवार की सुबह यमुना में युवक का शव उतराता मिला। पुलिस ने किसी प्रकार शव को यमुना से बाहर निकाला और उसके कपड़ों की तलाशी ली।

मृतक की जेब से एक आधार कार्ड मिला जिसमें उसका नाम पिंटू पुत्र जगदीश निवासी ग्राम भूपापुरवा जिला हरदोई दर्ज था। पुलिस ने शव को आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी। पुलिस का मानना है कि शव यमुना में पीछे से कहीं बहता हुआ आया है। फिलहाल पुलिस परिजनों के आने की प्रतिक्षा कर रही है। उसके बाद ही यह पता चल सकेगा कि शव वास्तव में किसका है।

आधार कार्ड से हुई मृतक की पहचान

पोस्टमार्टम को भेजा शव, परिजनों का इंतजार

तमंचा-कारतूस के साथ एक पकड़ा

यूनिक समय, मथुरा। नौहझील थाना पुलिस ने देशी तमंचा और पांच जिंदा कारतूस के साथ नीरज पुत्र हरीश्चन्द्र निवासी ग्राम मडुआका थाना नौहझील को गिरफ्तार कर लिया। नौहझील थाना प्रभारी निरीक्षक अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि नीरज के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए।

दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

यूनिक समय,सुरीर। युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुराचार करने के आरोपी को सुरीर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सुरीर थानाध्यक्ष अरूण कुमार डागर ने बताया कि सुन्दर पुत्र प्रेमपाल निवासी सुरीर के खिलाफ युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुराचार करने का मुकदमा थाने पर दर्ज है। पुलिस टीम ने उसे टैंटीगांव स्टेट बैंक के पास से गिरफ्तार किया गया।



परिक्रमा मार्ग की हकीकत देखने सड़क पर उतरे नगर मजिस्ट्रेट

यूनिक समय, मथुरा। कान्हा की नगरी में सोमवार को अक्षय नवमी पर और एक दिन बाद देवोत्थान एकादशी की परिक्रमा लगेगी। श्रद्धालुओं को परिक्रमा के दौरान कोई परेशानी न हो, इसके लिए नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा ने बाइक से और पैदल चलकर परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर बिजली के पैनल बाक्स खुले मिले, राहों पर गंदगी मिली, सड़क पर निर्माण काम होता मिला। इस पर उन्होंने सभी विभागों से रविवार तक सही कमियों को दूर करने को कहा है।

नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा ने परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करने को बाइक का सहारा लिया। इस दौरान उन्होंने परिक्रमा मार्ग में समस्याओं को देखा और संबंधित लोगों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर रास्ते की स्थिति ऐसी थी कि वहां वाहन से पहुंचना संभव नहीं था। इस पर पैदल चलकर स्थिति का जायजा लिया गया।

नगर मजिस्ट्रेट ने मौके पर मौजूद लोगों से परिक्रमा के दौरान आने वाली रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। मौजूद लोगों से वास्तविक स्थिति को समझा और सुरक्षा के लिहाज से प्रमुख स्थानों को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि परिक्रमा मार्ग के निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी मिली, जबकि कई जगह पैनल बाक्स खुले मिले। परिक्रमा मार्ग के रास्ते में एक जगह सड़क पर काम होता मिला



शनिवार को बाइक पर बैठकर होकर परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा।

बिजली पैनल खुले मिले, रास्तों में भरी मिली गंदगी

सभी विभागों को रविवार तक व्यवस्था सुधारने को कहा

उन्होंने बताया कि पैनल बाक्स के लिए बिजली विभाग और सफाई के लिए नगर निगम को कहा गया है। सुरक्षा के लिए भी प्रमुख बिंदु चिन्हित किए गए हैं, जहां पुलिस तैनात रहेगी। सड़क का काम करने वाले ठेकेदार को कल तक काम पूरा करने को कह दिया है।

वायरल वीडियो से

सड़क पर भिड़ीं युवतियां, बाल खींचे, कपड़े फाड़े, मचा बवाल



सोशल मीडिया पर वायरल हुआ मारपीट का वीडियो

यूजर्स कर रहे हैं कमेंट

यूनिक समय, मथुरा। सोशल मीडिया पर इन दिनों लड़ाई–झगड़े के वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो चर्चा में है, जिसमें लड़कियों का एक समूह सड़क किनारे आपस में भिड़ता नजर आ रहा है। किसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। वीडियो में युवतियां एक–दूसरे के बाल खींचती और हाथापाई करती दिखाई दे रही हैं।

वायरल वीडियो में कुछ लड़कियां एक–दूसरे को धक्का देती और मारपीट करती नजर आती हैं। इस दौरान उनके कपड़े भी अस्त–व्यस्त हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने बीच–बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन विवाद काफी देर तक चलता रहा। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स तरह–तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोगों ने इसे लड़ाई का अनोखा नजारा बताया, जबकि अन्य ने सार्वजनिक स्थान पर इस तरह के विवाद को अनुचित करार दिया। हालांकि, वीडियो कहां का है और विवाद की असली वजह क्या थी, इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

17 नवंबर से मथुरा में सजेगा कंस वध मेला महोत्सव



पोस्टर का विमोचन करते श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के पदाधिकारी।

यूनिक समय, मथुरा। धर्मनगरी में परंपरागत श्रीकृष्ण महोत्सव और कंस वध मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के तत्वावधान में चार दिवसीय महोत्सव 17 नवंबर से शुरू होगा। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन और धार्मिक आयोजन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 19 नवंबर को आयोजित होने वाला कंस वध मेला होगा।

परिषद के अध्यक्ष राजन पाठक और महामंत्री संजय अल्पाइन ने बताया कि 17 नवंबर को गौचारण लीला के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसमें भगवान श्रीकृष्ण ग्वाल-बालों के साथ गाय चराने वन की ओर जाएंगे। 18 नवंबर को विश्राम घाट पर मुंबई के संगीत कलाकार सुखदेव चतुर्वेदी की भजन संध्या आयोजित होगी।

19 नवंबर को परंपरागत कंस वध मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कंस वध की लीला से जुड़ी परंपराओं का निर्वहन होगा। 20 नवंबर को देवोत्थान एकादशी के अवसर पर विश्राम घाट पर भव्य दीपदान किया जाएगा। परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। परिषद पदाधिकारियों ने शहरवासियों और श्रद्धालुओं से महोत्सव में सहभागिता की अपील की है।

19 को निकलेगा कंस वध मेला

चार दिवसीय श्रीकृष्ण महोत्सव की तैयारियां शुरू, 20 नवंबर को विश्राम घाट पर होगा भव्य दीपदान


येवला यार्ड में कार्य से मथुरा होकर गुजरने वाली ट्रेनें प्रभावित

यूनिक समय, मथुरा। मध्य रेलवे के पुणे मंडल में दौंड-मनमाड रेलखंड के येवला यार्ड में रीमॉडलिंग फेज-2 का कार्य कराया जाएगा। इसके चलते मथुरा जंक्शन से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे ने कुछ ट्रेनों को नियंत्रित करने के साथ ही कुछ के मार्ग परिवर्तन की घोषणा की है।

रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 12779 वास्को–द–गामा–हजरत निजामुद्दीन गोवा एक्सप्रेस 16, 18, 23, 27, 28 और 30 नवंबर और दो, चार, पांच, सात, नौ और 11 दिसंबर को 40 मिनट नियंत्रित रहेगी। वहीं, तीन और 10 दिसंबर को यह ट्रेन 30 मिनट नियंत्रित रहेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 12629 यशवंतपुर-हजरत निजामुद्दीन कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 17 नवंबर और एक और आठ दिसंबर को दो घंटे नियंत्रित रहेगी।

इसके अलावा गोवा एक्सप्रेस, जम्मू तवी-पुणे और हुब्बल्लि-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों के मार्ग भी दिसंबर में निर्धारित तिथियों पर परिवर्तित रहेंगे। इससे यात्रियों को असुविधा हो सकती है।

बांके बिहारी मंदिर के गेट नंबर दो पर मारपीट, वीडियो वायरल



श्रद्धालु और स्थानीय युवक के बीच हुआ विवाद, मौके पर मची अफरा–तफरी

यूनिक समय, वृंदावन। विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर के गेट संख्या दो पर श्रद्धालु और स्थानीय युवक के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट के दौरान आसपास मौजूद लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। इस दौरान मौके पर लगातार शोर–शराबा होता रहा।

वायरल वीडियो में कुछ लोग पुलिस को फोन करने की आवाज लगाते सुनाई दे रहे हैं। विवाद के चलते मंदिर के आसपास अफरा–तफरी का माहौल बन गया।

घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में है। हालांकि, विवाद की वजह और घटना में शामिल लोगों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस कार्रवाई को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

त्योहार पर झांसी–हजरत निजामुद्दीन के बीच चलेगी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

यूनिक समय, मथुरा। त्योहारों पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी और हजरत निजामुद्दीन के बीच अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 01901/01902 का संचालन 14 से 16 नवंबर तक निर्धारित तिथियों में किया जाएगा। ट्रेन संख्या 01901 झांसी से 14 और 15 नवंबर को रात 7:20 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 3 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 01902 हजरत निजामुद्दीन से 15 और 16 नवंबर को सुबह 4:25 बजे चलकर दोपहर 3 बजे झांसी पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन का ठहराव मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, धौलपुर, मुरैना, ग्वालियर, डबरा, दतिया और कोसीकलां स्टेशनों पर रहेगा। मथुरा में झांसी से जाने वाली ट्रेन रात 12:05 बजे और वापसी में सुबह 8:10 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन 14 आईसीएफ कोचों के साथ संचालित होगी।

कोतवाली पुलिस ने पकड़ा वांछित

यूनिक समय, मथुरा। कोतवाली पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में वांछित चल रहे चांद बाबू पुत्र जमील निवासी पानी की टंकी मनोहरपुरा को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि चांद को बंगाली घाट क्षेत्र यमुना नदी के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी किया मोबाइल फोन बरामद हुआ।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that I,**Ms. KAJA MAGDALENA OLEJNICZAK** also known by name TEJOMAYI Resident of 383, Sheetal Chhaya, Ramanreti, Vrindavan, Distt- Mathura, P.C-281121 (U.P.) is applying to The Secretary Government of India, Ministry of Home Affairs, NEW DELHI, for naturalization and that any person who knows any reason why naturalization should not be granted, send written signed statement of facts to said Secretary.

550 से अधिक क्षय रोगियों को बांटी पौष्टिक सामग्री



रोगियों को पौष्टिक सामग्री वितरित करते फाउंडेशन पदाधिकारी।

यूनिक समय, मथुरा। क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से गोवर्धन, बरसाना और बलदेव क्षेत्र में 550 से अधिक टीबी मरीजों को पौष्टिक सामग्री वितरित की गई। इसमें चना, सोयाबीन, चना दाल, मसूर दाल और प्रोटीन पाउडर शामिल रहा।

संस्था का उद्देश्य उपचार करा रहे मरीजों को पोषण संबंधी सहयोग उपलब्ध कराना है। इस दौरान मरीजों को नियमित दवा लेने, संतुलित आहार अपनाने और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार पूरा करने के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मरीजों के परिजनों की स्क्रीनिंग पर भी जोर दिया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि टीबी मरीज के संपर्क में रहने वाले परिवार के सदस्यों की समय से जांच कराना जरूरी है। लंबे समय तक खांसी, बुखार और वजन कम होने जैसे लक्षण दिखाई देने पर जांच कराने की सलाह दी गई। मरीजों को नियमित फॉलोअप जांच कराने और बिना चिकित्सकीय सलाह दवा बंद नहीं करने के प्रति भी जागरूक किया गया।

गोवर्धन, बरसाना और बलदेव में पहुंचाई पोषण सहायता, परिजनों की भी हुई स्क्रीनिंग

इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से डॉ. बल्ली और लक्ष्मीकांत गौर मौजूद रहे। जिला क्षय रोग केंद्र की ओर से पंकज यादव, मंजीत, मुकेश कुमार, संजय शर्मा, अनूप, सत्यवीर, राजेश, पुष्पेंद्र, शिव कुमार और आलोक तिवारी सहित अन्य लोगों ने सहभागिता की।

गाँधी इण्टर कॉलेज छाता, मथुरा

''कॉलेज के कृषि फार्म को वर्ष 2027–28 हेतु एक वर्ष के पट्टे की नीलामी दिनांक : 04.12.2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कॉलेज परिसर में की जायेगी। जो व्यक्ति कॉलेज कृषि फार्म को एक वर्ष के पट्टे पर लेना चाहे, वो उपरोक्त तिथि एवं समय पर कॉलेज उपस्थित होकर बोली बोलें। सबसे अधिक बोली बोलने वाले को पट्टे की समस्त धनराशि चैक द्वारा विद्यालय के खाते में जमा करनी होगी।''

(भवदीय)
रामबाबू पाठक
प्रबन्धक गाँधी इण्टर कॉलेज छाता, मथुरा

खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

अड्डा घाट पर छठ पूजा की तैयारियां पूरी यमुना किनारे बैरिकेडिंग और चेंजिंग रूम की व्यवस्था





छठ पूजा की तैयारी को लेकर अड्डा घाट पर निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा।

यूनिक समय, मथुरा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन शनिवार को खरना की परंपरा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ निभाई गई। व्रती महिलाओं और पुरुषों ने दिनभर उपवास रखा। शाम को गुड़ से बनी खीर (रसियाव) का भगवान सूर्य को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत का संकल्प लेकर छठ महापर्व के सबसे कठिन चरण की शुरुआत की।

खरना के बाद व्रती पूरी निष्ठा और नियमों के साथ अनुष्ठान करते हैं। इस दौरान सुख–सुविधाओं का त्याग कर जमीन पर चादर बिछाकर विश्राम किया जाता है। रविवार को तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जबकि सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा।

छठ पूजा शुद्धता, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है। इसमें भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है।

शहर में पूर्वांचल समिति की ओर से अड्डा घाट पर छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए घाट पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन की ओर से यमुना घाटों पर सफाई अभियान चलाने के साथ ही गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग कराई गई है। घाटों को फूलों से सजाया जा रहा है। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी की गई है।

रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

ठा. केशव देव ने अन्नकूट का लगाया भोग,भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु



महोत्सव के दौरान भजन सुनाते श्रद्धालु।

यूनिक समय, मथुरा। प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवायत वृंदावन बिहारी गोस्वामी, बिहारी लाल गोस्वामी, श्यामा चरण गोस्वामी, मुन्नीलाल गोस्वामी और गिर्राज शरण गोस्वामी ने प्रातः ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक किया। इसके बाद भगवान को नवीन पोशाक धारण कराई गई और अन्नकूट का भव्य भोग अर्पित किया गया।

इससे पूर्व विधायक श्रीकांत शर्मा ने भजन गाकर भजन संध्या का शुभारंभ किया। श्रीकृष्ण सामूहिक संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने ठाकुर जी के संमुख भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद प्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

इस अवसर पर सोहनलाल शर्मा, महेश गोयल, मनमोहन सर्राफ, राजकुमार अग्रवाल, विजय बंसल, सुरेंद्र शर्मा, जगदीश गोस्वामी, मुकुट मणि शर्मा, उषा गोस्वामी, डॉ. जमुना शर्मा और दीपक शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पंचामृत अभिषेक के बाद नवीन पोशाक धारण कराई, भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी

वाल्मीकि समाज भाजपा की रीढ़: सुनीता



दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग की चेयरमैन सुनीता कांगड़ा का भाजपा नेता गिर्राज वाल्मीकि के आवास पर स्वागत।

यूनिक समय, कोसीकलां। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग की अध्यक्ष-राज्य मंत्री सुनीता कांगड़ा का शनिवार को कोसीकलां में भाजपा नेता गिर्राज वाल्मीकि के निवास पर पहुंचने पर फूल-मालाओं और पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा नेता गिर्राज वाल्मीकि ने कहा कि पूर्व महापौर-भाजपा दिल्ली प्रदेश की पूर्व प्रदेश महामंत्री सुनीता कांगड़ा ने अपने अति व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर हमारे आवास पर आकर आशीर्वाद दिया, इसके लिए पूरा परिवार उनका आभारी है।

उन्होंने कहा कि सुनीता कांगड़ा का महापौर से लेकर प्रदेश महामंत्री और अब आयोग अध्यक्ष तक का सफर संघर्ष और समर्पण की मिसाल है। इस मौके पर सुनीता कांगड़ा ने कहा कि गिर्राज वाल्मीकि जैसे कर्मठ कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं।

वाल्मीकि समाज हमेशा से भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है और भाजपा की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और आयोग सफाई कर्मचारियों के कल्याण, उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए लगातार काम कर रहा है। किसी भी सफाई कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।

ठंड बढ़ते ही त्वचा पर दिखने लगा मौसम का असर, रोजाना 135 मरीज पहुंच रहे अस्पताल

रूखी त्वचा, खुजली और एलर्जी के मरीजों की संख्या अधिक, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक परेशान



जिला अस्पताल में मरीज को देखतीं चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.सृष्टि।

यूनिक समय, मथुरा। सर्दी की दस्तक के साथ ही मौसम का असर अब लोगों की त्वचा पर दिखाई देने लगा है। सुबह–शाम की ठंड और वातावरण में नमी की कमी से त्वचा रूखी होने लगी है। किसी के हाथ–पैरों में खुजली हो रही है तो किसी के चेहरे और शरीर पर लाल चकत्ते व दाने निकल रहे हैं। बदलते मौसम के बीच त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ने लगी हैं। जिला अस्पताल की चर्मरोग ओपीडी में प्रतिदिन करीब 135 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं।

ठंड के मौसम में त्वचा की प्राकृतिक नमी कम होने लगती है। इसके चलते त्वचा फटने, होंठ सूखने, एड़ियां फटने, हाथ-पैरों में खुजली और शरीर पर सफेद परत जमने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। कुछ लोगों को ठंड के कारण त्वचा पर लाल दाने, सूजन और जलन की शिकायत भी हो रही है। पहले से त्वचा संबंधी बीमारियों से परेशान लोगों की दिक्कतें भी ठंड बढ़ने के साथ बढ़ सकती हैं।

जिला अस्पताल की चर्मरोग ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों में करीब 55 को रूखी त्वचा और खुजली की शिकायत है। इसके अलावा एलर्जी के 25, एक्जिमा के 10, दाद–खाज के 15 और फंगल संक्रमण के 10 मरीज प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। वहीं मुंहासे, पित्ती और फटी एड़ियों की समस्या से परेशान करीब 10 मरीज भी उपचार करा रहे हैं।

जिला अस्पताल की चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ. सृष्टि ने बताया कि मौसम में बदलाव का असर त्वचा पर भी पड़ता है। ठंड के दिनों में त्वचा की नमी कम होने से रूखापन और खुजली जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इससे बचाव के लिए नहाने के तुरंत बाद मॉइस्चराइजर या क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए। बहुत गर्म पानी से नहाने से बचें और त्वचा को साफ रखें। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर खुद से दवा लगाने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।

कोसीकलां रेलवे स्टेशन पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

यूनिक समय, कोसीकलां। कोसीकलां रेलवे स्टेशन परिसर में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह यात्रियों ने रेलवे स्टेशन परिसर में एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। इसकी सूचना स्टेशन मास्टर और जीआरपी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। मृतक की उम्र करीब 40–45 वर्ष बताई जा रही है। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

मौसम ने बदली करवट, गर्म कपड़ों के बाजार में बढ़ी रौनक

तिब्बत बाजार से शोरूम तक सजीं दुकानें, नए डिजाइन के स्वेटर और जैकेट ग्राहकों को लुभा रहे



गर्म कपड़े पसंद करते ग्राहक।

यूनिक समय, मथुरा। नवंबर का दूसरा सप्ताह बीतने के साथ ही मौसम में ठंडक बढ़ने लगी है। सुबह और शाम की सर्दी ने लोगों को गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए बाजारों का रुख करने पर मजबूर कर दिया है। मौसम की करवट के साथ ही शहर से लेकर कस्बों तक गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। शोरूम से लेकर सौंख अड्डा स्थित तिब्बत बाजार तक दुकानों पर स्वेटर, जैकेट और कोट की नई वैरायटी ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं।

बाजार में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए अलग-अलग डिजाइन और रेंज के गर्म कपड़े उपलब्ध हैं। कोई बच्चों के लिए स्वेटर खरीद रहा है तो कोई अपने लिए स्टाइलिश जैकेट पसंद कर रहा है।

ग्राहक अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। मौसम में ठंडक बढ़ने के साथ बाजारों में भी खरीदारों की चहल-पहल बढ़ने लगी है।

सौंख अड्डा स्थित तिब्बत बाजार की विक्रेता सुकमणी ने बताया कि इस बार पिछले साल की अपेक्षा ठंड देर से शुरू हुई है। इसी वजह से गर्म कपड़ों का बाजार भी देरी से सजा है। अब जैसे-जैसे ठंड बढ़ रही है, ग्राहकों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। बाजार में इस बार नए डिजाइन और कई वैरायटी के गर्म कपड़े आए हैं। उन्होंने बताया कि स्वेटर की कीमत 500 रुपये से शुरू है। जैकेट और अन्य गर्म कपड़े भी अलग-अलग रेंज में उपलब्ध हैं।

दुकानदारों को अब कड़ाके की ठंड का इंतजार है। उनका मानना है कि तापमान में और गिरावट आते ही बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ेगी। फिलहाल मौसम की करवट ने गर्म कपड़ों के कारोबार में रौनक लौटानी शुरू कर दी है।

छात्राओं को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

यूनिक समय, मथुरा। यातायात माह के तहत शनिवार को आरसीए महिला पीजी कॉलेज में यातायात पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्राओं को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक भी मौजूद रहे।प्रभारी निरीक्षक यातायात ने छात्राओं को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, नशे में वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी। इसके साथ ही स्कूली बसों और अन्य वाहनों की जांच कर चालक- परिचालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शहर के प्रमुख स्थानों पर भी पुलिस ने अभियान चलाकर लोगों को पंपलेट वितरित किए और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया। एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। यातायात पुलिस के अनुसार दैनिक चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 2004 चालान किए गए हैं।


मथुरा में कल सजेगा वार्षिक सजल- महोत्सव 200 साहित्यकार होंगे शामिल

यूनिक समय, मथुरा। हिंदी सजल सर्जना समिति, मथुरा के तत्वावधान में रविवार 15 नवंबर को आरसीए गर्ल्स डिग्री कॉलेज में वार्षिक सजल-महोत्सव आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश के विभिन्न प्रदेशों से करीब 200 साहित्यकार शामिल होंगे। वरिष्ठ साहित्यकार संतोष कुमार सिंह ने बताया कि महोत्सव में गीति-काव्य की नई विधा 'सजल' के विकास और हिंदी भाषा को भाषाई प्रदूषण से बचाने के विषय पर साहित्यकार विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में देशभर के 51 सजलकारों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही सजल विधा पर आधारित 38 पुस्तकों का लोकार्पण भी होगा।

सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप बैनामे से अधिक भूमि पर मिला कब्जा

स्टेडियम के पास गोचर और ब्रज यात्रा पड़ाव की जमीन पर अतिक्रमण का मामला

नायब तहसीलदार की जांच में खुलासा



यूनिक समय, शेरगढ़। कस्बे में सरकारी जमीन पर कथित कब्जे का मामला सामने आया है। स्टेडियम के समीप गोचर, गऊचारे और ब्रज यात्रा पड़ाव के लिए दर्ज भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने भू-माफियाओं पर सरकारी जमीन कब्जाने और प्रभावशाली लोगों को संरक्षण मिलने के आरोप लगाए हैं।

मामले की जांच कर रहीं नायब तहसीलदार रुबी यादव ने बताया कि मौके पर जांच की गई। इसमें संबंधित व्यक्ति का बैनामा 1.485 हेक्टेयर भूमि का मिला, जबकि मौके पर बैनामे में दर्ज क्षेत्रफल से अधिक जमीन पर कब्जा पाया गया। जांच के दौरान ब्रज यात्रा पड़ाव, स्टेडियम और गऊचारे के लिए दर्ज भूमि भी मौके पर चिन्हित मिली। इस भूमि पर भी कब्जे की बात सामने आई है।

सरकारी जमीन पर कब्जे के आरोपों के बाद प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। डीएम और एसएसपी द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद ऐसे मामले सामने आना चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी भूमि की पैमाइश कराने और अवैध कब्जा मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नवागत एसडीएम छाता की भूमिका को लेकर भी क्षेत्र में सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में उनका पक्ष सामने नहीं आया है। अब प्रशासन की जांच और आगे की कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

श्री ब्रज चौरासी कोस कथा और दिव्य रासलीला महोत्सव का हुआ शुभारंभ



कलश यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ महामंडलेश्वर साध्वी सत्यप्रिया गिरी।

भव्य कलश शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

राधे-राधे के जयकारों से गूंजा बलदेव

यूनिक समय, बलदेव। श्री राधारानी संकीर्तन मंडल और अग्रवाल समाज संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 21 नवंबर तक आयोजित श्री ब्रज चौरासी कोस कथा-दिव्य रासलीला महोत्सव का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महामंडलेश्वर साध्वी सत्यप्रिया गिरी के सानिध्य में नगर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शोभायात्रा में रथ पर विराजमान राधा-कृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। नगर के प्रमुख बाजारों में जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती और फूलमालाओं से कथा व्यास साध्वी सत्यप्रिया गिरी का स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और मंगल गीतों के बीच श्रद्धालु नृत्य करते हुए चल रहे थे। राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया।

आयोजन समिति ने बताया कि 21 नवंबर तक कथा में ब्रज चौरासी कोस की महिमा और श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन होगा। प्रतिदिन दिव्य रासलीला का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर संजीव अग्रवाल, बनवारी लाल गर्ग, सुरेश चंद्र अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, सुनील गर्ग, विकास अग्रवाल, छैलबिहारी गोयल, सुदीप बांसल, राकेश गर्ग, राजीव अग्रवाल, डॉ. दिलीप शर्मा, डॉ. जगदीश पाठक, दुर्गेश अग्रवाल, राजकुमार सोनी, बृजेश व्यास, अवध तेहरिया, सोनू भैया, अविनाश, नियांश्री चंद्र अग्रवाल, सुनील गोयल, करन कटारा, मनोज बंसल, पवन गोयल, बसंत बंसल, उमेश बंसल, अजय सिंघल, कन्हैया अग्रवाल, माधव अग्रवाल, रिंकू सोनी, सुभाष अग्रवाल, नीटू सोनी, धर्मेंद्र उपाध्याय, अजय अग्रवाल, जितेंद्र गर्ग, तनु अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, विपिन गोयल, देवकीनंदन गर्ग और सुधीर अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने मनाई पं. नेहरू की 137वीं जयंती, बच्चों को बांटी मिठाइयां



कोसी में पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाते कांग्रेसजन।

बाल दिवस पर चित्र पर किया माल्यार्पण

आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान को किया याद

यूनिक समय, कोसीकलां। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती शनिवार को कांग्रेस कैंप कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

वक्ताओं ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दूरदर्शी नेता थे। बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह के चलते ही उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने देश में लोकतांत्रिक और वैज्ञानिक संस्थाओं के विकास को आगे बढ़ाया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। अंत में कांग्रेस नेताओं ने बच्चों को चॉकलेट और मिठाइयां बांटकर बाल दिवस की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर विपिन त्यागी, श्याम बिहारी पालीवाल, विमलचंद जैन, गिर्राज पालीवाल, राधा मोहन लवानिया, अवतार, वरुण त्यागी, बिन्नू शर्मा, दीपक शर्मा और नाजिम आदि मौजूद रहे।

घर में घुसकर परिवार से मारपीट, युवक का सिर फोड़ा, महिला की चेन छीनी

तमंचा लेकर पहुंचे चार लोगों पर फोन तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप



यूनिक समय, फरह। थाना क्षेत्र के गांव पीलुआ सादिकपुर में शुक्रवार सुबह घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही चार लोगों पर तमंचा लेकर घर में घुसने, बेटे का सिर फोड़ने, पत्नी की चेन छीनने और मोबाइल तोड़ने का आरोप लगाया है।

पंचम सिंह पुत्र चरन सिंह निवासी पीलुआ सादिकपुर के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब छह बजे गांव के मंगी पुत्र धन्नो, ओमप्रकाश पुत्र गोपाल, शिवराम पुत्र हरपाल और भोपा पुत्र दाताराम तमंचा लेकर उसके घर में घुस आए।

आरोप है कि चारों ने उसकी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट की। इस दौरान बेटे के सिर में गंभीर चोट आई।

पीड़ित का आरोप है कि पत्नी ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपियों ने मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और उसके गले से सोने की चेन भी छीन ली।

परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर परिवार को बचाया। पीड़ित ने थाना फरह में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

बाल दिवस पर एक दिन की प्रधानाचार्य बनीं कक्षा 10 की छात्रा एकता



एक दिन की प्रधानाचार्य बनी एकता के साथ प्रधानाचार्य, शिक्षक आदि।

विद्यालय की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

यूनिक समय, बाजना। कस्बा के आदर्श विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस पर अनूठी पहल की गई। विद्यालय की कक्षा 10 की मेधावी छात्रा एकता को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और प्रशासनिक कार्यों की समझ विकसित करना था। प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी संभालते हुए एकता ने विद्यालय की दैनिक गतिविधियों, शैक्षणिक व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद भी किया। इस अनूठे अनुभव से छात्रा में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पवन कुमार, शिवकुमार तौमर, अंजली चौधरी, रश्मि गुप्ता, हरिओम शर्मा, वीर बहादुर, आकांक्षा शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, राधा चौधरी, मोनिका चौधरी और मीनू कुमारी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की।

सरकारी जमीन पर ठेला लगाने को लेकर दो फल विक्रेताओं में जमकर मारपीट

यूनिक समय, कोसीकलां। थाना के ठीक सामने सरकारी जमीन पर ठेला लगाने को लेकर दो फल विक्रेताओं में जमकर मारपीट हो गई। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और थाने के सामने ही भीड़ इकत्रितहो गई। बताया जा रहा है कि दोनों फल विक्रेता रोजाना थाने के सामने अपनी-अपनी जगह पर ठेला लगाते हैं। शनिवार सुबह एक विक्रेता ने दूसरे की जगह पर अपना ठेला आगे लगा दिया, जिसको लेकर दोनों में पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते बात हाथापाई तक पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसों से हमला कर दिया और ठेले पर रखे फल भी सड़क पर बिखर गए। इस मारपीट में एक फल विक्रेता को चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को शांत कराया। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले जाकर समझौता कराने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि सरकारी जमीन पर अवैध रूप से ठेला लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और मामले में शिकायत मिलने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में खेलकूद महोत्सव का भव्य शुभारंभ

21 नवंबर तक चलेंगी प्रतियोगिताएं

मार्च पास्ट और मशाल प्रज्वलन से दिखा खेल उत्साह



बाल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में रस्सा-कसी में भाग लेते विद्यार्थी।

यूनिक समय, तरौली। अकबरपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल दिवस और खेलकूद महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। 21 नवंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में प्री-नर्सरी से कक्षा 11 तक के विद्यार्थी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत समारोह और विद्यार्थियों की गायन प्रस्तुति से हुआ। जोगिंदर और रितु के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्रधानाचार्य सावन खन्ना ने मशाल खेल कप्तानों और हेड बॉय-हेड गर्ल को सौंपी। विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्च पास्ट किया। पीईटी गोपाल शर्मा ने खिलाड़ियों को निष्पक्षता, अनुशासन और खेल भावना की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य सावन खन्ना ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व, आत्मविश्वास, अनुशासन और निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। इसके बाद फीता काटकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। महोत्सव में 14 नवंबर को दौड़, रिले, त्रिकूद, लंबी कूद और रस्साकशी हुई। 16 नवंबर को खो-खो, बास्केटबॉल, 17 को कबड्डी, खो-खो, 18 को गोला फेंक, चक्का फेंक और टेबल टेनिस, 19 को कबड्डी और वॉलीबॉल, 20 को शूटिंग और 21 नवंबर को क्रिकेट प्रतियोगिता होगी।

सर्दी शुरू होते ही सक्रिय हुए गो-तस्कर

यूनिक समय, कोसीकलां। सर्दी का मौसम शुरू होते ही नगर में गो-तस्कर सक्रिय हो गए हैं। ठंड बढ़ते ही रात के अंधेरे का फायदा उठाकर ये तस्कर बेजुबान गोवंश को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला अग्रसेन चौक का है, जहां देर रात करीब दो बजे पिकअप सवार चोरों ने सड़क पर घूम रही एक गाय और उसके नंदी को जबरन गाड़ी में लाद लिया और फरार हो गए।

बताया गया कि रात में जब पूरा नगर गहरी नींद में था, तभी पिकअप सवार तीन- चार अज्ञात युवक अग्रसेन चौक पर पहुंचे और वहां बैठी गाय को पकड़ने लगे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक वाहन चालक ने जब उन्हें रोकना चाहा, तो आरोपियों ने उसे गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी और डरा-धमकाकर भगा दिया। इसके बाद आरोपी बड़ी आसानी से दोनों गोवंश को पिकअप में लादकर अंधेरे में गायब हो गए।

पूरी वारदात पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ-साफ कैद हो गई बताई है। फुटेज में आरोपी साफ दिखाई दे रहे हैं। अब इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद लोगों में भारी गुस्सा है। गौ रक्षकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात के समय पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए और सडकों पर घूम रहे गौवंशों को सुरक्षित गौशाला में पहुंचाया जाए।

सुविचार

किसी के चेहरे की मुस्कान बन सको तो समझना, जिंदगी का सबसे सुंदर काम कर लिया।

कल का पंचांग

तिथि	षष्ठी	11:24-02:04 तक	पक्ष	कृष्ण पक्ष	
नक्षत्र	उ.आषाढ़	08:24-11:28 तक	माह	कार्तिक	
सूर्योदय		6:40 AM	चन्द्रोदय	11:41 AM	
सूर्यास्त		5:28 PM	चंद्रास्त	10:15 PM	
सूर्य राशि		तुला राशि	चंद्र	मकर राशि	
शुभ मुहूर्त		11:19AM –12:02 PM	ब्रहम् मुहूर्त	04:54-05:47	
त्योहार/व्रत			विक्रम संवत्	2083	
राहुकाल		04:07 PM: 05:28 PM	वार	रविवार	

ब्रज के मंदिरों के दर्शन



ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

गोपाष्टमी पर गाय की सेवा से जुड़ेगा पुण्य

ब्रज में दिखेगी कान्हा की गौचारण लीला



यूनिक समय, मथुरा। कान्हा की नगरी मथुरा में गोपाष्टमी का पर्व भगवान श्रीकृष्ण की गौचारण लीलाओं की याद दिलाता है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गायों को चराने के लिए वन की ओर प्रस्थान किया था। यही वजह है कि ब्रजभूमि में इस पर्व का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाने वाला

17 नवंबर को मनाया जाएगा पर्व, गौशालाओं में होगी पूजा–अर्चना

हरी घास खिलाने और गौसेवा का विशेष महत्व

गोपाष्टमी का पर्व इस वर्ष 17 नवंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिरों और गौशालाओं में गायों की पूजा–अर्चना के साथ उनकी सेवा की जाएगी।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गाय में 33 कोटि देवी–देवताओं का वास माना जाता है। गोपाष्टमी पर गौमाता की सेवा और पूजन को विशेष पुण्यदायी बताया गया है। काशी के ज्योतिषाचार्य स्वामी कन्हैया महाराज के अनुसार, इस दिन गौशाला जाकर गायों को गुड़ और हरी घास खिलाना चाहिए। इससे गौसेवा का पुण्य मिलता है और परिवार में सुख–समृद्धि की कामना की जाती है। गौशाला की मिट्टी का तिलक माथे पर लगाने की भी धार्मिक परंपरा है। मान्यता है कि इससे माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल में ग्वालबालों के साथ गायों को चराने की शुरुआत इसी तिथि से की थी। इससे पहले वे बछड़ों को चराने जाते थे। गोपाष्टमी पर ब्रज के मंदिरों में भगवान कृष्ण के गोपाल स्वरूप का विशेष श्रृंगार किया जाता है। गौशालाओं में गायों और बछड़ों को स्नान कराकर फूलों और वस्त्रों से सजाया जाता है। रोली, अक्षत, फूल, गुड़ और हरी घास अर्पित कर आरती उतारी जाती है। गोपाष्टमी पर सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद गौशाला जाकर गायों को गुड़, हरी घास और स्वच्छ पानी दें। रोली, अक्षत और फूल अर्पित कर आरती करें। श्रद्धालु गायों को खीर–पूड़ी का भोग भी लगा सकते हैं। इस दिन गौशाला में सेवा, जरूरतमंदों की सहायता और सामर्थ्य के अनुसार गोदान करने की भी परंपरा है। धार्मिक मान्यता है कि निस्वार्थ भाव से की गई गौसेवा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है।



ठंड की दस्तक के साथ मंदिरों में बदला दर्शन का समय

यूनिक समय, वृंदावन। सर्दी की शुरुआत के साथ ही मथुरा-वृंदावन के प्रमुख मंदिरों में ठाकुरजी की सेवा और दर्शन की समय-सारिणी बदल गई है। ठंड को देखते हुए वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में 11 नवंबर से शीतकालीन व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब श्रद्धालु सुबह 8:45 से दोपहर 1:30 बजे तक और शाम को 4:30 से रात 8:30 बजे तक दर्शन कर सकेंगे। गर्मियों की अपेक्षा सुबह दर्शन एक घंटे देर से शुरू होंगे, जबकि शाम को मंदिर के पट एक घंटे पहले बंद होंगे।

शीतकालीन सेवा में ठाकुरजी को

बांके बिहारी मंदिर में शीतकालीन व्यवस्था लागू, सुबह 8:45 से होंगे दर्शन

गर्म वस्त्र धारण कराए जाएंगे। भोग में केसरयुक्त हलवा और मेवे के लड्डू सहित गर्म तासीर वाले पकवान शामिल किए जाएंगे। मौसम के अनुरूप सेवा और विश्राम के समय में भी बदलाव किया गया है। इससे श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने से पहले नई समय-सारिणी का ध्यान रखना होगा।

तुलसी–शालिग्राम के विवाह के बाद ही बजेगी शहनाई

यूनिक समय, मथुरा। चार महीने से विवाह और अन्य मांगलिक आयोजनों का इंतजार कर रहे लोगों के लिए देवउठनी एकादशी खुशियों का संदेश लेकर आ रही है। भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागने के साथ ही चातुर्मास समाप्त हो जाएगा और मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी।

हिंदू परंपरा में मान्यता है कि आम लोगों के विवाह से पहले भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह कराया जाता है। इस वर्ष 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह होगा, जबकि 21 नवंबर से विवाह संस्कारों के शुभ मुहूर्त शुरू होने की बात कही जा रही है। ब्रजभूमि में भी इस पर्व को लेकर मंदिरों और घरों में तैयारियां की जाएंगी।

पं. अजय कुमार तैलंग के अनुसार तुलसी विवाह के पीछे वृंदा और



देवउठनी एकादशी पर 20 नवंबर को होगा तुलसी विवाह

चार माह की योगनिद्रा से जागेंगे भगवान विष्णु

ब्रज में भी शुरू होंगी विवाह की तैयारियां

21 नवंबर से खुलेंगे मांगलिक कार्यों के द्वार

भगवान विष्णु से जुड़ी पौराणिक कथा प्रचलित है। मान्यता है कि पतिव्रता वृंदा के श्राप से भगवान विष्णु शालिग्राम स्वरूप में प्रकट हुए थे। बाद में वृंदा के श्राप वापस लेने पर भगवान विष्णु ने उन्हें वरदान दिया कि योगनिद्रा से जागने के बाद उनका पहला विवाह तुलसी के साथ होगा। तभी से देवउठनी एकादशी पर तुलसी–शालिग्राम विवाह की परंपरा चली आ रही है।

पंडित तैलंग के मुताबिक, 20 नवंबर को तुलसी और शालिग्राम का विवाह संपन्न होने के बाद 21 नवंबर से आम लोगों के विवाह संस्कार और अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी। इस परंपरा के साथ ही चातुर्मास का विराम समाप्त माना जाता है। ब्रज में देवउठनी एकादशी पर तुलसी पूजन, दीपदान और शालिग्राम विवाह का विशेष महत्व है।

मोती के साथ भूलकर भी न पहनें ये तीन रत्न ज्योतिष में माने गए हैं विपरीत प्रभाव वाले

यूनिक समय, मथुरा। रत्न शास्त्र में हर रत्न का संबंध किसी न किसी ग्रह से माना गया है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, मोती चंद्रमा का प्रतिनिधि रत्न है। इसे धारण करने से पहले दूसरे रत्नों के साथ उसके मेल का ध्यान रखना जरूरी बताया जाता है। मान्यता है कि मोती के साथ राहु का गोमेद, शनि का नीलम और केतु का लहसुनिया नहीं पहनना चाहिए। ज्योतिष के अनुसार, इन ग्रहों के परस्पर विरोधी प्रभाव से मानसिक तनाव, पारिवारिक कलह और आर्थिक परेशानियां बढ़ सकती हैं। इसलिए कोई भी रत्न धारण करने से पहले ज्योतिषाचार्य की सलाह लेने की परंपरा है।

मथुरा से होकर गुजरी मोरारी बापू की स्वस्तिक यात्रा

यूनिक समय, मथुरा। देश की सांस्कृतिक एकता, सामाजिक सद्भाव और सनातन परंपरा का संदेश लेकर संत मोरारी बापू के नेतृत्व में भारत स्वस्तिक यात्रा का दूसरा चरण शनिवार से गुजरात के द्वारका में शुरू होगा। इस यात्रा का मथुरा से भी विशेष जुड़ाव है। यात्रा के पहले चरण में मथुरा को प्रमुख पड़ाव के रूप में शामिल किया गया था। कन्याकुमारी से केदारनाथ तक निकली इस यात्रा के दौरान ब्रजभूमि में भी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता का संदेश पहुंचा था।



संतकृपा सनातन संस्थान की ओर से आयोजित यात्रा का दूसरा चरण 22 नवंबर को ओडिशा के जगन्नाथ पुरी में संपन्न होगा। द्वारका से शुरू होकर यह यात्रा सोमनाथ, डाकोर, उज्जैन, नागपुर,

बापू के नेतृत्व में द्वारका से निकलेगी स्वस्तिक यात्रा

पहले चरण में मथुरा को भी बनाया गया था यात्रा का पड़ाव

22 नवंबर तक चलेगा दूसरा चरण

छत्तीसगढ़ के चंपारण, मायापुर और कोलकाता होते हुए जगन्नाथ पुरी पहुंचेगी। इसके माध्यम से देश के 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर तक सांस्कृतिक एकता का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

भारत स्वस्तिक यात्रा का पहला चरण 10 से 23 अक्टूबर तक कन्याकुमारी से केदारनाथ तक आयोजित किया गया था। इस दौरान कालडी, श्रृंगेरी, हम्पी, तुलजापुर, ओंकारेश्वर, झांसी, मथुरा, कुरुक्षेत्र, अटारी–वाघा और जम्मू सहित अनेक प्रमुख स्थानों को यात्रा से जोड़ा गया था। मथुरा जैसे भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थली को शामिल करना यात्रा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को दर्शाता है। दूसरे चरण में भी विभिन्न तीर्थस्थलों पर रामकथा और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क और खुले रहेंगे। प्रत्येक पड़ाव पर सामुदायिक भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी।

मोरारी बापू के अनुसार, ॐकार और स्वस्तिक एक–दूसरे के आध्यात्मिक पर्याय हैं। ॐकार निराकार ब्रह्म का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि स्वस्तिक मंगलमयता और संपूर्ण सृष्टि के कल्याण का प्रतीक है। मिराज समूह के अध्यक्ष एवं संतकृपा सनातन संस्थान के प्रबंध न्यासी मदन पालीवाल के अनुसार, यात्रा का उद्देश्य भारत की विविध परंपराओं, क्षेत्रों और समुदायों को जोड़कर राष्ट्रीय एकात्मता तथा सामूहिक कल्याण की भावना को मजबूत करना है। यात्रा आदि शंकराचार्य की आध्यात्मिक विरासत और सत्य, प्रेम व करुणा के संदेश से प्रेरित है।

सम्पादकीय

तीन मिनट की कहानी, दर्शकों पर मनोरंजन का जादू

कभी मनोरंजन के लिए लोग टीवी के सामने घंटों बैठते थे। फिर मोबाइल आया तो टीवी की जगह छोटी स्क्रीन ने ले ली। अब मनोरंजन की दुनिया में एक और बदलाव हो रहा है। दर्शकों के पास पूरी फिल्म देखने का धैर्य भले न हो, लेकिन एक मिनट की कहानी के अगले भाग का इंतजार वे बेसब्री से कर रहे हैं। यानी मनोरंजन भी अब चाय की चुस्की और सोशल मीडिया की पोस्ट जितना छोटा हो गया है।

माइक्रोड्रामा ने मनोरंजन की इसी बदलती आदत को कारोबार में बदल दिया है। एक से तीन मिनट के छोटे-छोटे एपिसोड, तेज घटनाक्रम, अचानक आने वाले मोड़ और अंत में ऐसा रोमांच कि दर्शक अगला भाग देखे बिना रह न सकें। कहानी में न लंबी भूमिका, न पात्रों का विस्तार और न ही दर्शकों को सोचने का ज्यादा समय। सीधे विवाद, फिर टकराव और आखिर में नया सवाल। दर्शक सोचता है कि बस एक भाग और देख लूं, लेकिन मोबाइल की स्क्रीन पर कब आधा घंटा गुजर जाता है, पता ही नहीं चलता। दिलचस्प यह है कि तीन साल पहले रिलीज हुई फिल्म का छह मिनट का अंश भी नए दर्शक पैदा कर सकता है। यानी फिल्म बनाने वालों को अब केवल सिनेमाघरों और ओटीटी मंचों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं। उनकी पुरानी फिल्में भी छोटी-छोटी कतरनों के सहारे दोबारा दर्शकों तक पहुंच सकती हैं। कंटेंट का यह नया बाजार पुराने मनोरंजन को भी नई उम्र दे रहा है। भारत में भी यह कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। माइक्रोड्रामा बाजार ने वर्ष 2025 में करीब 650 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके 2028 तक सालाना 50 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने का अनुमान है। मोबाइल पर कहानियां देखने वाले दर्शक अब निर्माता और विज्ञापन कंपनियों के लिए कमाई का नया जरिया बन रहे हैं। इस कारोबार का असली गणित दर्शकों की बेचैनी में छिपा है। पहले धारावाहिक में अगले दिन का इंतजार होता था, अब अगले मिनट का इंतजार है। पहले घर के सदस्य रिमोट के लिए लड़ते थे, अब मोबाइल की स्क्रीन पर नजरें टिकाए रहते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि अब विज्ञापन के बीच कार्यक्रम नहीं आता, बल्कि कार्यक्रम के बीच विज्ञापन और भुगतान का नया रास्ता निकल आता है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या मनोरंजन को इतना छोटा करते-करते हम अपना धैर्य भी छोटा कर रहे हैं? क्या लंबी कहानी सुनने और समझने की आदत धीरे-धीरे खत्म हो रही है? मनोरंजन का नया कारोबार तो खूब फल-फूल रहा है, मगर दर्शकों का समय किस कीमत पर खर्च हो रहा है, इसका हिसाब भी जरूरी है।



पवन गौतम
संपादक

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

फंडा यह है कि अब मनोरंजन की दुनिया में कहानी की लंबाई नहीं, दर्शकों की उंगली रोकने की कला बिक रही है। निर्माता कहानी नहीं, अगली कड़ी देखने की बेचैनी बेच रहे हैं।

नजरिया

माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर ठप होने के पीछे छंटनी का गुस्सा या तकनीकी चूक

बोध प्रकाश सगुणी



दुनिया जिस डिजिटल क्रांति पर अपनी तरक्की का भरोसा जता रही है, उसी तकनीक की एक बड़ी कमजोरी माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं ठप होने से उजागर हो गई। ईमेल से लेकर ऑनलाइन बैठक, दूरस्थ आंकड़ा संग्रह और कारोबारी संवाद तक, आधुनिक जीवन का बड़ा हिस्सा कुछ चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के डिजिटल तंत्र पर टिका है। ऐसे में माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में आई गड़बड़ी ने दुनिया भर में लाखों उपयोगकर्ताओं को परेशान कर दिया। सरकारी दफ्तरों से लेकर अस्पतालों, विमानन कंपनियों और वित्तीय संस्थानों तक इसका असर दिखाई दिया। लेकिन इस तकनीकी संकट के बीच एक सवाल ने सामाजिक माध्यमों पर बहस छेड़ दी। क्या माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर ठप होने के पीछे कंपनी से निकाले गए कर्मचारियों का गुस्सा था? क्या छंटनी से नाराज किसी कर्मचारी ने जानबूझकर तंत्र में गड़बड़ी पैदा की? फिलहाल इन सवालों के जवाब में कोई ठोस सबूत नहीं है।

इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि डिजिटल सुविधाओं ने भले ही कामकाज को तेज और आसान बना दिया हो, लेकिन इन पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता नए खतरे भी पैदा कर रही है। माइक्रोसॉफ्ट 365 की सेवाओं में व्यवधान आने से आउटलुक, टीम्स, कोपायलट और अन्य इंटरनेट आधारित सेवाएं प्रभावित हुईं। लोग अपना ईमेल नहीं खोल पा रहे थे, संदेश भेजने में परेशानी हो रही थी और ऑनलाइन बैठकों का संचालन बाधित हो गया। दुनिया के 74 देशों और क्षेत्रों से सेवाओं में गड़बड़ी की शिकायतें दर्ज हुईं। सेवा बाधित होने की निगरानी करने वाले मंच पर 74 लाख से अधिक शिकायतें सामने आईं। यह प्रभावित लोगों की वास्तविक संख्या नहीं, बल्कि दर्ज शिकायतों का आंकड़ा है। असर केवल निजी कंपनियों तक सीमित नहीं रहा। अमेरिका के सरकारी संस्थानों और संसद के कामकाज में परेशानी आई। जापान और सिंगापुर की सरकारी व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। ब्रिटेन में अस्पतालों और पुलिस व्यवस्था को वैकल्पिक संचार माध्यमों का सहारा लेना पड़ा। कई चिकित्सा केंद्रों ने मरीजों को ऑनलाइन संपर्क के बजाय फोन करने की सलाह दी। भारत में इंडिगो, एयर इंडिया और अकासा एयर जैसी विमानन कंपनियों की ईमेल सहायता सेवाओं पर भी असर पड़ा।

माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में आई रुकावट ने यह भी दिखाया कि किसी एक तकनीकी कंपनी की समस्या वैश्विक अर्थव्यवस्था को किस तरह प्रभावित कर सकती है। ईमेल और ऑनलाइन संवाद बंद होने का मतलब केवल कर्मचारियों का काम रुकना नहीं है, बल्कि व्यापारिक फैसलों, ग्राहकों से संपर्क और वित्तीय गतिविधियों का प्रभावित होना भी है। यूरोपीय शेयर बाजार संचालक यूरोनेक्स्ट को कंपनियों से संपर्क करने के लिए फोन का सहारा लेना पड़ा। जहाजरानी कंपनी मार्स्क ने जरूरी मामलों में ग्राहकों को फोन से संपर्क करने को कहा। ब्रिटिश बीमा कंपनी अवीवा ने वैकल्पिक संचार व्यवस्था अपनाई। ताइवान की एक वित्तीय कंपनी को कारोबार की पुष्टि के लिए फैक्स का इस्तेमाल करना पड़ा। अमेरिका की वर्कहॉर्स समूह को वित्तीय नतीजों से संबंधित घोषणा टालनी पड़ी। शुरुआती आकलनों में इस व्यवधान से अरबों डॉलर की आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ने की आशंका जताई गई। बीमा क्षेत्र के विश्लेषकों ने संभावित बीमित नुकसान का अनुमान 30 से 50 करोड़ डॉलर के बीच लगाया। हालांकि, वास्तविक वैश्विक नुकसान का अंतिम आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है।

माइक्रोसॉफ्ट की शुरुआती जानकारी के मुताबिक, समस्या नेटवर्क की संरचना और सर्वर क्षमता से जुड़ी थी। बाद में कंपनी ने बताया कि नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के दौरान किए गए बदलाव के बाद तकनीकी गड़बड़ी सामने आई। कुछ सर्वर अनुपलब्ध हो गए और उन पर आने वाला इंटरनेट यातायात दूसरे सर्वरों पर पहुंचने लगा। इससे बाकी सर्वरों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया। स्थिति को सुधारने के लिए कंपनी ने सर्वर दोबारा चालू करने और नेटवर्क व्यवस्था सामान्य करने के प्रयास किए, लेकिन शुरुआती कोशिशें पूरी तरह सफल नहीं हो सकीं। कुछ सर्वर फिर से जवाब देने में विफल रहे। परिणामस्वरूप समस्या लंबी खिंचती चली गई और सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से बहाल करना पड़ा। यही वजह रही कि व्यवधान का असर 24 घंटे से अधिक समय तक बना रहा।

इस तकनीकी गड़बड़ी के बीच माइक्रोसॉफ्ट की हालिया छंटनी भी चर्चा में आ गई। कंपनी ने वर्ष 2026 में कर्मचारियों की संख्या घटाने और संगठनात्मक पुनर्गठन से जुड़े फैसले किए थे। जुलाई में हजारों कर्मचारियों की नौकरियां खत्म होने और अक्टूबर में भी कर्मचारियों की संख्या कम करने की खबरों के बाद सामाजिक माध्यमों पर कई तरह की आशंकाएं जताई जाने लगीं। कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि क्या अनुभवी कर्मचारियों की विदाई और लागत घटाने की नीति ने कंपनी की तकनीकी व्यवस्था को कमजोर किया? क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर बढ़ते भरोसे के कारण मानव विशेषज्ञता की अनदेखी हुई? कुछ दावों में तो नाराज कर्मचारियों की साजिश और साइबर हमले तक की आशंका जताई गई। हालांकि, किसी कर्मचारी की संलिप्तता या जानबूझकर की गई गड़बड़ी का प्रमाण सामने नहीं आया। माइक्रोसॉफ्ट ने भी किसी दुर्भावनापूर्ण गतिविधि या साइबर हमले के संकेत से इनकार किया। कंपनी ने स्पष्ट किया कि यह समस्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता या उसके स्वचालित उपकरणों की वजह से नहीं हुई। इसलिए छंटनी और सर्वर संकट के बीच सीधा संबंध जोड़ना फिलहाल महज अटकल है। माइक्रोसॉफ्ट का यह संकट केवल एक कंपनी की तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि पूरी डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए चेतावनी है। जब सरकारी संस्थान, अस्पताल, विमानन कंपनियां और कारोबारी प्रतिष्ठान एक ही डिजिटल नेटवर्क पर निर्भर हो जाते हैं, तब छोटी सी तकनीकी चूक भी बड़े व्यवधान में बदल सकती है। कंपनियों को अब केवल तेज और आधुनिक तकनीक अपनाने पर ही नहीं, बल्कि वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखने पर भी ध्यान देना होगा। सुरक्षित अतिरिक्त सर्वर, स्वतंत्र संचार माध्यम और आपातकालीन संचालन व्यवस्था किसी भी संस्थान की जरूरत बन चुके हैं। तकनीक पर भरोसा जरूरी है, लेकिन पूरी व्यवस्था को एक ही मंच के भरोसे छोड़ देना समझदारी नहीं। माइक्रोसॉफ्ट की घटना ने यही सवाल दुनिया के सामने खड़ा कर दिया है कि डिजिटल भविष्य कितना सुरक्षित है और किसी एक सर्वर के जवाब देने से पहले हमारी वैकल्पिक तैयारी कितनी मजबूत है।

विचार विंडो

युवाओं को सीख दे रहे हम, या बिगाड़ रहे उनकी राह

राम प्रकाश शर्मा

किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के हाथों में होता है। लेकिन सवाल यह है कि जब यही युवा अपने आसपास गलत तौर-तरीकों को सफलता का रास्ता बनते देखते हैं तो उनसे ईमानदारी और नैतिकता की उम्मीद कैसे की जा सकती है? हम अक्सर नई पीढ़ी के व्यवहार, संस्कार और कार्यशैली पर सवाल उठाते हैं, लेकिन कभी अपने आचरण पर भी नजर डालते हैं? आखिर युवा वही तो सीखते हैं, जो उनके आसपास होता है। ऐसे में अगर कार्यस्थलों पर बेईमानी, दबाव, झूठ और किसी भी कीमत पर लक्ष्य हासिल करने की प्रवृत्ति सामान्य बनती जा रही है तो इसके लिए केवल युवाओं को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा।

आज कंपनियों में काम करने वाले युवाओं पर लक्ष्य पूरा करने का भारी दबाव है। बिक्री बढ़ानी है, ग्राहक जोड़ने हैं और हर महीने बेहतर परिणाम दिखाने हैं। इन सबके बीच कई बार सही और गलत का अंतर पीछे छूट जाता है। एक युवा कर्मचारी ग्राहक की जरूरत समझने के बजाय उसे किसी तरह सामान या सेवा खरीदने के लिए मनाने में जुट जाता है। उसे सिखाया जाता है कि लक्ष्य पूरा होना चाहिए, भले ही इसके लिए ग्राहक को अधूरी जानकारी क्यों न दी जाए। सवाल यह है कि क्या ऐसी कार्यशैली से मिली सफलता वास्तव में सफलता कहलाने योग्य है?

एक युवा कर्मचारी का अपने वरिष्ठ से सीखना स्वाभाविक है। वह देखता है कि अधिकारी किस तरह ग्राहकों से बात करते हैं, मुश्किल परिस्थितियों में कैसे फैसले लेते हैं और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए कौन से तरीके अपनाते हैं। यदि वरिष्ठ कर्मचारी ईमानदारी और पारदर्शिता को महत्व देते हैं तो युवा भी उन्हीं मूल्यों को अपनाते हैं। इसके उलट अगर गलत तरीके अपनाने वालों को पुरस्कार और ईमानदारी से काम करने वालों को उपेक्षा मिलती है तो नई पीढ़ी के सामने गलत संदेश जाता है।

दरअसल, किसी संस्थान की पहचान केवल उसके भवन, कारोबार या उपलब्धियों से नहीं बनती, बल्कि वहां काम करने वाले लोगों के व्यवहार से बनती है। जब किसी कंपनी में यह धारणा बन जाए कि काम किसी भी तरीके से पूरा करना है, तो धीरे-धीरे गलत व्यवहार भी व्यवस्था का हिस्सा बन जाता है। शुरुआत में जिस काम को कर्मचारी गलत समझता है, लगातार दबाव और उदाहरणों के कारण वही उसे सामान्य लगने लगता है।



यह चिंता केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं है। इसका असर परिवार और समाज पर भी पड़ रहा है। एक मां की चिंता बेहद गंभीर है कि अगर समाज में सफल होने के लिए नैतिकता से समझौता करना जरूरी दिखाई देने लगे तो वह अपने बच्चों को क्या सिखाए? क्या उन्हें ईमानदार रहने की सलाह दें या यह समझाएं कि दुनिया में आगे बढ़ने के लिए व्यवस्था के मुताबिक गलत रास्ते अपनाना भी जरूरी है?

यह सवाल हमारी सामाजिक सोच पर चोट करता है। हम बच्चों को सच बोलने, मेहनत करने और दूसरों का सम्मान करने की शिक्षा देते हैं, लेकिन जब वे अपने आसपास बड़ों को इन मूल्यों के विपरीत व्यवहार करते देखते हैं तो उनके मन में भ्रम पैदा होना स्वाभाविक है। बच्चे उपदेश से ज्यादा उदाहरणों से सीखते हैं। इसलिए उन्हें अच्छे संस्कार देने की जिम्मेदारी केवल किताबों और विद्यालयों की नहीं, बल्कि परिवार, समाज और कार्यस्थलों की भी है।

आज युवाओं को नौकरी और कामकाज के अवसर तो मिल रहे हैं, लेकिन हर जगह उन्हें सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा। प्रशिक्षण का अर्थ केवल काम करने की तकनीक सिखाना नहीं है। उन्हें यह भी समझाना जरूरी है कि ग्राहक से व्यवहार कैसे करना है, कठिन परिस्थितियों में नैतिक फैसले कैसे लेने हैं और लक्ष्य पूरा करते समय ईमानदारी कैसे बनाए रखनी है।

हर संस्थान में अनुभवी कर्मचारियों को युवाओं का मार्गदर्शक बनाया जाना चाहिए। ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जहां सही तरीके से काम करने वालों को भी सम्मान और प्रोत्साहन मिले। यदि किसी कर्मचारी को केवल परिणाम के आधार पर आंका जाएगा और उसे अपनाए गए तरीकों की परवाह नहीं होगी तो गलत कार्यशैली को बढ़ावा मिलना तय है।

समाज में नैतिकता का पाठ पढ़ाने से पहले उसे अपने जीवन में उतारना जरूरी है। वरिष्ठ अधिकारी हों, शिक्षक हों, अभिभावक हों या सामाजिक नेतृत्व करने वाले लोग, सभी को अपने व्यवहार से उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। युवाओं को केवल यह बताना पर्याप्त नहीं कि क्या सही है और क्या गलत। उन्हें यह भी दिखाना होगा कि मुश्किल परिस्थितियों में सही रास्ते पर कैसे चला जाता है।

आसान रास्ता हमेशा सही नहीं होता और कठिन रास्ता हमेशा गलत नहीं होता। तत्काल लाभ के लिए किया गया समझौता भविष्य में बड़ी कीमत वसूल सकता है। इसलिए सफलता का पैमाना केवल वेतन, पद, कारोबार और उपलब्धियों तक सीमित नहीं होना चाहिए। उसमें ईमानदारी, विश्वास और दूसरों के प्रति जिम्मेदारी भी शामिल होनी चाहिए।

फंडा यह है कि नई पीढ़ी से अच्छे संस्कारों की उम्मीद करने से पहले हमें अपने आचरण की परीक्षा देनी होगी। युवा वही बनेंगे, जैसा समाज उन्हें बनते हुए दिखाएगा। अगर हमें ईमानदार पीढ़ी चाहिए तो पहले खुद ईमानदारी की मिसाल बनना होगा।

वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, बने दुनिया के सबसे युवा टी-20 कप्तान

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बिहार की संभाली कमान

17 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा, सौराष्ट्र के खिलाफ पहली बार की कप्तानी



यूनिक समय, नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 साल की उम्र में ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसने उन्हें क्रिकेट इतिहास में खास जगह दिला दी है।

वैभव पुरुष टी-20 क्रिकेट में कप्तानी करने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने शनिवार, 14 नवंबर को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 में बिहार की ओर से सौराष्ट्र के खिलाफ मैदान पर उतरकर यह उपलब्धि हासिल की।

उस समय उनकी उम्र 15 साल और 232 दिन थी। इसके साथ ही उन्होंने क्रोएशिया के जैक वुकुसिक का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 17 साल और 311 दिन की उम्र में अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने टूर्नामेंट के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए वैभव को टीम का कप्तान नियुक्त किया था। सौराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, कप्तानी के पहले ही मैच में उनका बल्ला ज्यादा नहीं चला।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 12 गेंदों पर 18 रन बनाए और पांचवें ओवर में चेतन सकारिया की गेंद पर कैच आउट हो गए। बिहार की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 137 रन ही बना सकी। वैभव ने इस उपलब्धि के साथ भारतीय क्रिकेट में भी नया रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले आधिकारिक टी-20 मुकाबले में किसी भारतीय खिलाड़ी के सबसे कम उम्र में कप्तान बनने का रिकॉर्ड महिपाल लोमरोर के नाम था। उन्होंने 2018 में 18 साल और 67 दिन की उम्र में राजस्थान की कप्तानी की थी।

वैभव का क्रिकेट करियर बेहद तेजी से आगे बढ़ रहा है। आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने 776 रन बनाए थे और शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरी थीं।

वह इससे पहले टी-20 में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुके हैं। अब कप्तानी का यह नया रिकॉर्ड उनकी उपलब्धियों में एक और बड़ी कामयाबी बनकर जुड़ गया है।

'ओ.एम' का ट्रेलर रिलीज, लाल चंदन माफिया से भिड़ेंगे एक्टर



ममूटी और साई पल्लवी के दमदार किरदारों ने खींचा ध्यान

20 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी फिल्म

यूनिक समय, नई दिल्ली। लंबे इंतजार के बाद धनुष की अपकमिंग फिल्म 'ओ.एम चैप्टर 1: उधिरम झ्र द ब्लड वुड' यानी 'ऑपरेशन मोल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में लाल चंदन की तस्करी और उससे जुड़े खतरनाक सिंडिकेट की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में धनुष एक लकड़हारे की भूमिका निभा रहे हैं, जो तस्करी के इस अवैध कारोबार में फंस जाता है। वहीं साई पल्लवी सीबीआई अधिकारी नित्या रेड्डी के किरदार में नजर आएंगी, जो इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए ऑपरेशन का नेतृत्व करती हैं। फिल्म में ममूटी एक रहस्यमयी राजनेता की भूमिका निभा रहे हैं, जो पर्दे के पीछे से तस्करी के कारोबार को नियंत्रित करता दिखाई देता है। इसके अलावा नसीरुद्दीन शाह की भी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है, जबकि श्रीलीला धनुष की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। फिल्म का निर्देशन राजकुमार पेरियासामी ने किया है और संगीत साई अभ्यंकर ने दिया है। दो भागों वाली फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 20 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

समय रैना ने हुमा कुरैशी की फिल्म पर कसा तंज, एक्ट्रेस ने दिया मुंहतोड़ जवाब



'इंडियाज गॉट लेटेंट-2' में 'टॉक्सिक' के फ्लॉप होने पर हुई खिंचाई

हुमा बोलीं-असल जिंदगी में तुम खुद टॉक्सिक हो

यूनिक समय, नई दिल्ली। कॉमेडियन समय रैना एक बार फिर अपने मजाकिया अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। उनके शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के नए एपिसोड में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी पहुंचीं, जहां दोनों के बीच जमकर मजाक और तंज देखने को मिला। समय ने हुमा की फिल्म 'टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर निशाना साधते हुए कहा कि आमतौर पर लोग शो में आने के बाद फिल्म फ्लॉप करते हैं, लेकिन हुमा पहली ऐसी कलाकार हैं, जिनकी फिल्म पहले ही फ्लॉप हो गई। इस पर हुमा ने तुरंत जवाब देते हुए कहा, 'मैंने तो बस टॉक्सिक नाम की फिल्म में एक्टिंग की है, लेकिन असल जिंदगी में तुम खुद टॉक्सिक हो।' समय ने भी पलटवार करते हुए कहा कि कम से कम लोग उन्हें देखते तो हैं। एपिसोड में कृष्णा अभिषेक, आशीष सोलंकी और बलराज सिंह घई भी शामिल हुए। इस दौरान गोविंदा के पैर में गोली लगने की घटना पर भी मजेदार टिप्पणी की गई। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी 'टॉक्सिक' में यश, कियारा आडवाणी, नयनतारा और हुमा कुरैशी समेत कई कलाकार नजर आए हैं।

बदहाल हालत में मिले एक्टर शरद कपूर, चार कुत्तों का हुआ रेस्क्यू



एनिमल क्रूएलिटी के आरोपों पर आया नया मोड़

स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे अभिनेता ने इंडस्ट्री से मांगा काम

यूनिक समय, नई दिल्ली। शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जोश' में नजर आए अभिनेता शरद कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह बेहद खराब हालत वाले कमरे में चार कुत्तों के साथ दिखाई दे रहे हैं। शुरुआत में उन पर एनिमल क्रूएलिटी के आरोप लगे थे, लेकिन बेजुबान पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट की संस्थापक हेमा चौधरी के मुताबिक, मामला जानवरों के साथ क्रूरता का नहीं, बल्कि अभिनेता की स्वास्थ्य समस्याओं का है। शरद के लिए चार कुत्तों की देखभाल करना मुश्किल हो रहा था, जिसके बाद उन्हें अस्थायी रूप से योदा सेंटर भेजा गया। अभिनेत्री जया भट्टाचार्या भी उनसे मिलने पहुंचीं। इस दौरान शरद ने सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन और फिल्म इंडस्ट्री से काम दिलाने में मदद की अपील की। उन्होंने बताया कि बार्सिलोना में फुटबॉल खेलते समय उनके पैर में चोट लग गई थी। अभिनेता का कहना है कि नए बंगले में शिफ्ट होने के बाद वह अपने कुत्तों को वापस ले आएंगे। शरद को साल 2000 में आई फिल्म 'जोश' से पहचान मिली थी। इसके अलावा वह 'दस्तक', 'एलओसी कारगिल' और 'लक्ष्य' जैसी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं।

न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के लिए गुरनूर बरार को मौका

19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होगी दो मैचों की टेस्ट सीरीज



यूनिक समय, नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले बदलाव किया गया है। तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, जबकि स्पिनर कुलदीप यादव को टीम से रिलीज कर दिया गया है। कुलदीप अब भारत लौटकर घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी वेलिंगटन में भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसका पहला मुकाबला 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होगा। शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि केएल राहुल उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। गुरनूर बरार का हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी वनडे सीरीज में वह दोनों टीमों की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इसके अलावा, साल 2026 में वह भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 13 मुकाबलों में 23 विकेट लिए हैं। गुरनूर ने इसी साल जून में अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। टेस्ट टीम में शामिल होने के कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवां वनडे नहीं खेलेंगे। उनकी जगह वनडे टीम में किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है।

लक्ष्य सेन ने रचा इतिहास, जापान मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे

सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के अलवी फरहान को दी मात

सुपर 500 टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने



यूनिक समय, नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने जापान मास्टर्स 2026 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कुमामोटो में खेले जा रहे सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के वर्ल्ड नंबर-10 अलवी फरहान को हराकर फाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही लक्ष्य इस टूर्नामेंट के इतिहास में फाइनल तक पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी बन गए हैं। दोनों के बीच करीब 70 मिनट तक मुकाबला चला, जिसमें लक्ष्य ने 21-12, 15-21 और 21-11 से जीत दर्ज की। पहले सेट में लक्ष्य ने शानदार खेल दिखाया और अलवी फरहान को वापसी का मौका दिए बिना 21-12 से जीत हासिल की। हालांकि, दूसरे सेट में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने दमदार वापसी की। उन्होंने लगातार अंक जुटाते हुए 21-15 से सेट अपने नाम किया और मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद तीसरे और निर्णायक सेट में लक्ष्य ने एक बार फिर अपना आक्रामक अंदाज दिखाया। उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और 21-11 से सेट जीतकर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया। अब खिताबी मुकाबले में लक्ष्य का सामना जापान के कोकी वतनबे या थाईलैंड के पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 कुनलावुत विटिडसार्न से होगा। लक्ष्य के लिए 2026 का सीजन शानदार रहा है। वह हायलो ओपन का खिताब जीत चुके हैं और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहे थे। जापान मास्टर्स का फाइनल इस सीजन में उनका तीसरा फाइनल होगा।

आज से शुरू होगी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, 38 टीमें दिखाएंगी दम

वैभव सूर्यवंशी संभालेंगे बिहार की कप्तानी

सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, शमी और ईशांत शर्मा भी टूर्नामेंट में उतरेंगे

यूनिक समय, नई दिल्ली। भारत की घरेलू टी-20 प्रतियोगिता सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 का आगाज 14 नवंबर से होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 38 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें एलीट और प्लेट डिवीजन में बांटा गया है। एलीट डिवीजन में 32 टीमें चार ग्रुप में खेलेंगी, जबकि प्लेट डिवीजन में 6 टीमें शामिल होंगी। एलीट डिवीजन का फाइनल 6 दिसंबर को खेला जाएगा, वहीं प्लेट डिवीजन का खिताबी मुकाबला 24 नवंबर को होगा। इस बार टूर्नामेंट में 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी बिहार की कप्तानी करेंगे। उन्हें शुरुआती दो मुकाबलों के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके बाद वह इंडिया-ए टीम के साथ राइजिंग स्टार्स एशिया कप खेलने रवाना होंगे। भारतीय टी-20 टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव मुंबई की कमान संभालेंगे, जबकि संजू सैमसन केरल की कप्तानी करेंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बंगाल और ईशांत शर्मा दिल्ली की टीम से खेलते नजर आएंगे। तमिलनाडु की टीम में वरुण चक्रवर्ती और टी नटराजन भी शामिल हैं। पिछली बार झारखंड ने फाइनल में हरियाणा को 69 रन से हराकर पहली बार खिताब जीता था। हालांकि, इस बार टीम में पिछले सीजन के स्टार खिलाड़ी ईशान किशन को जगह नहीं मिली है। टूर्नामेंट के इतिहास में तमिलनाडु सबसे सफल टीम है, जिसने तीन बार ट्रॉफी अपने नाम की है।

21 नवंबर को लखनऊ आएंगे पीएम मोदी, छह शादियों की बुकिंग रद्द

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कौशल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे प्रधानमंत्री

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेताओं को देंगे मेडल

कार्ड बंटने के बाद परिवारों की बढ़ी परेशानी



यूनिक समय, लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 नवंबर को लखनऊ के दौरे पर आएंगे। वह शाम करीब 5 बजे शहर पहुंचेंगे और इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। शाम 7 बजे होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करेंगे। इसके बाद वह एयरपोर्ट पहुंचकर नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे। पीएम के दौरे को देखते हुए पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उनके आने-जाने वाले रास्तों की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का असर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पहले से तय निजी आयोजनों पर भी पड़ा है। सुरक्षा और आयोजन की व्यवस्थाओं के चलते 20 और 21 नवंबर की सभी बुकिंग निरस्त कर दी गई हैं। एलडीए ने कुल छह आयोजनों की बुकिंग रद्द करने का आदेश जारी किया है।

इनमें चार शादियां, एक हल्दी-मेहंदी समारोह और जुपिटर हॉल में होने वाला एक सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को हो रही है, जिन्होंने करीब एक साल पहले शादी के लिए प्रतिष्ठान बुक कराया था। कई परिवारों के शादी के कार्ड भी छपकर रिश्तेदारों और मेहमानों में बंट चुके हैं। कार्ड पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का पता छपा होने के कारण अब उन्हें आठ दिन के भीतर नया आयोजन स्थल तलाशना पड़ रहा है। साथ ही सभी मेहमानों को बदले हुए पते की जानकारी देना भी चुनौती बन गया है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित परिवारों को बुकिंग की पूरी धनराशि बिना किसी कटौती के वापस की जाएगी। हालांकि, एलडीए की ओर से उन्हें कोई वैकल्पिक आयोजन स्थल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। कौशल विकास मंत्रालय की ओर से 40 ट्रेड और छह जोन के 64 टॉपर छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें उत्तर प्रदेश के छह छात्र भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री प्रत्येक ट्रेड के टॉपर को सम्मानित करेंगे।

योगी सरकार का बड़ा डिजिटल प्लान 50 हजार छात्रों को मिलेंगे टैबलेट

15 नवंबर से लखनऊमें अभियान की शुरुआत

2026-27 में 25 लाख टैबलेट बांटने का लक्ष्य



यूनिक समय, लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार युवाओं को डिजिटल शिक्षा और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत 15 नवंबर को लखनऊ में करीब 50 हजार छात्र-छात्राओं को मुफ्त टैबलेट वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान की शुरुआत करेंगे। पहले चरण में लखनऊ, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। यह वितरण स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत किया जाएगा। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश के करीब 25 लाख युवाओं को टैबलेट देने का लक्ष्य रखा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल संसाधनों और नई तकनीक तक आसान पहुंच उपलब्ध कराना है। सरकार के मुताबिक, वर्ष 2021 से अब तक करीब 60 लाख टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए जा चुके हैं। लखनऊ में अभियान शुरू होने के बाद गोरखपुर में भी टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस योजना से उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की तैयारी है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, दो यात्रियों की मौत



ट्रक में पीछे से घुसी अयोध्या से आ रही मिनी ट्रैवलर बस

13 यात्री घायल, तीन की हालत गंभीर

यूनिक समय, लखनऊ। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अयोध्या से आगरा जा रही यात्रियों से भरी मिनी ट्रैवलर बस आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब चार बजे आगरा के फतेहाबाद थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 37.100 के पास हुआ। बस चालक धीरज पाटिल गुजरात के सूरत से संबंधित हैं और अयोध्या से यात्रियों को लेकर आगरा जा रहे थे। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में सवार यात्री नींद में थे। अचानक हुई जोरदार टक्कर से बस में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की टीम मौके पर पहुंची। राहत दल ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा पहुंचाया। हादसे में करीब 53 वर्षीय प्रदीप और 58 वर्षीय जनक बेन की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ताज मेट्रो स्टेशन में हथियार लेकर घुसे दो संदिग्ध, सुरक्षा बलों ने दबोचा



85 सुरक्षाकर्मियों ने मॉकड्रिल में लिया हिस्सा

तलाशी में मिले दो पिस्टल और 35 कारतूस

यूनिक समय, आगरा। आगरा के ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर दो हथियारबंद संदिग्धों के घुसने की कोशिश से सुरक्षा व्यवस्था अलर्ट हो गई। दोनों ने छोटे हथियार छिपाकर एएफसी एग्जिट गेट से स्टेशन में प्रवेश करने का प्रयास किया, लेकिन तैनात सुरक्षा गार्ड की सतर्कता से उन्हें रोक लिया गया। इसके बाद दोनों कॉन्कोर्स एरिया में लिफ्ट के पास मशीन रूम और प्लेटफॉर्म की ओर जाने वाले इमरजेंसी गेट के अंदर छिप गए। हालांकि, यह पूरी घटना 13 नवंबर को आगरा मेट्रो की ओर से आयोजित मॉकड्रिल का हिस्सा थी। सुरक्षा गार्ड के शोर मचाने पर स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) के जवान मौके पर पहुंचे। कंट्रोल रूम को सूचना दी गई और क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) को कार्रवाई के निर्देश मिले। सुरक्षा कर्मियों ने स्टेशन के अलग-अलग हिस्सों की घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी में उनके पास से दो पिस्टल, 35 कारतूस, एक टैक्टिकल टॉर्च और मेट्रो स्टेशन का नक्शा बरामद हुआ। मॉकड्रिल में 85 सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसमें सर्च, प्रोटेक्शन और गिरफ्तारी टीम बनाई गई थीं। अभ्यास का उद्देश्य किसी संभावित आतंकी हमले या आपात स्थिति में सुरक्षा बलों की सतर्कता, आपसी समन्वय और त्वरित कार्रवाई की क्षमता को परखना था।

काशी में 500 साल पुरानी नाग नथैया लीला का मंचन, यमुना में कूदे बाल कृष्ण



तुलसीघाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कदंब के पेड़ से छलांग लगाकर कालिया नाग का किया मर्दन

यूनिक समय, वाराणसी । वाराणसी के तुलसीघाट पर शुक्रवार को करीब 500 साल पुरानी परंपरा नाग नथैया लीला का भव्य मंचन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप ने कदंब के पेड़ से यमुना रूपी गंगा में छलांग लगाई और कालिया नाग का मर्दन किया। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु तुलसीघाट पर जुटे। पूरा परिसर जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। मान्यता के अनुसार, भगवान कृष्ण ने यमुना नदी में रहने वाले कालिया नाग के आतंक से गोकुलवासियों को मुक्ति दिलाई थी। इसी प्रसंग को नाग नथैया लीला के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। लीला के दौरान बाल कृष्ण कदंब की डाल पर चढ़े और वहां से नदी में छलांग लगा दी। इसके बाद कालिया नाग के फन पर सवार होकर भगवान ने उसका अहंकार तोड़ा। काशी में इस लीला की शुरुआत गोस्वामी तुलसीदास के समय से मानी जाती है। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ बनारस की सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर साल इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं।

लखनऊ में वकीलों का हंगामा, बैरिकेडिंग तोड़ विधानसभा पहुंचे

अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग पर प्रदर्शन

सरकार को चेतावनी-मांग नहीं मानी तो होगी महापंचायत



यूनिक समय, लखनऊ। लखनऊ में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर शनिवार को वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। लखनऊ बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वकील विधानसभा का घेराव करने निकले। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कई जगह बैरिकेडिंग की थी, लेकिन गुस्साए वकीलों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और विधानसभा की ओर बढ़ने लगे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। वकीलों का कहना है कि प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ लगातार मारपीट और आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए अलग कानून बनाया जाना बेहद जरूरी है। उनका आरोप है कि लंबे समय से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ में वकीलों के साथ हुई घटना के बाद सुरक्षा कानून की मांग और तेज हुई थी। इसके लिए एक ड्राफ्ट भी तैयार किया गया था, लेकिन उसे अब तक लागू नहीं किया गया। वकीलों ने सरकार से जल्द कानून लागू करने और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द फैसला नहीं हुआ तो आंदोलन और व्यापक किया जाएगा। इसके तहत लखनऊमें अधिवक्ता महापंचायत आयोजित करने की भी बात कही गई।

योगी बोले-मेरठ की पहचान माफियाराज और कट्टे से थी

पूर्व सैनिकों को सीएम की सौगात, वीरता पुरस्कार की राशि होगी दोगुनी

मकान खरीदने पर 50 लाख तक स्टांप शुल्क में छूट



यूनिक समय, लखनऊ। मेरठ में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्व सैनिकों के पुनर्मिलन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सैनिकों और उनके परिवारों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। सीएम ने वीरता पुरस्कार पाने वाले सैनिकों को मिलने वाली एकमुश्त राशि और वार्षिकी दोगुनी करने का ऐलान किया। साथ ही मकान खरीदने पर स्टांप शुल्क में मिलने वाली छूट की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने की घोषणा की। शहीद सैनिकों के परिवार के पात्र सदस्य को गृह जनपद या नजदीकी जिले में नौकरी देने की व्यवस्था भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय मेरठ की पहचान माफियाराज, कट्टा, वाहन चोरी और अवैध कटान से होती थी, लेकिन आज जिला खेल उत्पादों के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, उसकी वर्दी बदलती है, संकल्प नहीं। सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। योगी ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि देश विरोधी ताकतों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है। उन्होंने प्रदेश के आठ जिलों में सैनिक कार्यालयों का लोकार्पण भी किया।

दिल्ली में प्रदूषण का कहर, 50% कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम का निर्देश

एक्यूआई 403 तक पहुंचने के बाद दो मंत्रियों ने अपने विभागों में लागू कराया फैसला

जरूरी सेवाओं को छूट वाहनों की आवाजाही कम करने की कोशिश



यूनिक समय, नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण लगातार गंभीर होता जा रहा है। जहरीली हवा और घने स्मॉग के बीच लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए दिल्ली सरकार ने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने अपने-अपने विभागों में 50 प्रतिशत कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू करने को कहा है। सरकार के इस फैसले का मकसद सड़कों पर वाहनों की संख्या कम करना और दफ्तर आने-जाने के दौरान होने वाले प्रदूषण को घटाना है। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) सुबह 403 तक पहुंच गया था। इस स्तर पर हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में मानी जाती है। हालांकि, शाम चार बजे तक इसमें कुछ सुधार हुआ और एक्यूआई 373 दर्ज किया गया, लेकिन हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। शनिवार सुबह भी राजधानी के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर चिंताजनक रहा। इसमें भी सरकारी विभागों में अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों को ही कार्यालय में उपस्थित रहने और बाकी कर्मचारियों को घर से काम कराने का प्रावधान किया गया है। प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को नियमित रूप से कार्यालय आने के निर्देश हैं। जरूरत पड़ने पर वे आवश्यक कामकाज और आपात सेवाओं के लिए कर्मचारियों को दफ्तर बुला सकते हैं। हालांकि, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को इस व्यवस्था से छूट दी गई है, ताकि आम लोगों को इलाज और दूसरी आपात सुविधाएं मिलने में कोई बाधा न आए। इसके तहत निर्माण गतिविधियों और वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए कई पाबंदियां लगाई गई हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि कार्यालयों में कर्मचारियों की संख्या घटने से सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा और प्रदूषण से निपटने में मदद मिलेगी।

राहुल बोले- गिग वर्कर्स को पार्टनर बनाएगी कांग्रेस




तेलंगाना में दस लाख का हेल्थ इंश्योरेंस और पांच लाख का दुर्घटना बीमा देने का ऐलान

महिला राइडर के स्कूटर पर बैठे नजर आए

यूनिक समय, नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को हैदराबाद में गिग वर्कर्स के लिए तेलंगाना सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर आरोप लगाया कि वे गिग वर्कर्स से 24 घंटे काम कराकर अंबानी-अडानी जैसे अरबपतियों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि कांग्रेस गिग वर्कर्स को मजदूर नहीं, बल्कि पार्टनर बनाना चाहती है और उनके परिवारों को शिक्षा व सुरक्षा देना चाहती है। उन्होंने बताया कि तेलंगाना सरकार हर गिग वर्कर को 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा और 10 लाख रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस देगी। इसके अलावा हर डिलीवरी ट्रांजेक्शन से 1 प्रतिशत राशि सीधे वर्कर के बैंक खाते में जमा होगी। सरकार उनके लिए रेस्ट जोन भी बनाएगी, जहां वे काम के दौरान आराम कर सकेंगे। नए कानून के तहत गिग वर्कर्स अपने काम से जुड़ा पूरा डेटा मोबाइल पर देख सकेंगे। इस मौके पर वेलफेयर बोर्ड की शुरुआत भी की गई। इससे पहले राहुल गांधी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के साथ गिग वर्कर्स की बाइक रैली में शामिल हुए। इस दौरान वे एक महिला राइडर के स्कूटर के पीछे बैठे नजर आए।

एयरपोर्ट पर फंसे 15 लाख यात्री, अमेरिका में उड़ानें रुकी



कम्युनिकेशन सिस्टम में खराबी से चार घंटे से ज्यादा ठप रहा हवाई यातायात

किसी ने फर्श पर बैठकर तो किसी ने संगीत बजाकर बिताया समय

यूनिक समय, नई दिल्ली। अमेरिका में शुक्रवार को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के कम्युनिकेशन सिस्टम में खराबी के कारण देशभर में विमानों की उड़ानें 4 घंटे से ज्यादा समय तक रोकनी पड़ीं। अचानक लगी इस रोक से करीब 15 लाख यात्री अलग-अलग एयरपोर्ट पर फंस गए। विमान रनवे के पास खड़े रहे, जबकि टर्मिनलों में यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। शिकागो के ओ'हारे एयरपोर्ट से सबसे पहले उड़ानों पर रोक लगाई गई। न्यूयॉर्क के जेएफके, वर्जीनिया के डलेस और न्यू जर्सी के एयरपोर्ट पर भी यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। कई जगह कुर्सियां भर जाने के कारण लोग फर्श पर बैठने को मजबूर हुए। इस दौरान कुछ यात्री लैपटॉप पर काम करते दिखे, तो कुछ फोन से घर पहुंचने का दूसरा रास्ता तलाशते रहे। एक यात्री ने वॉशिंगटन एयरपोर्ट पर हार्प बजाकर समय बिताया। वहीं, कई लोग बच्चों के साथ खेलते और टैबलेट पर फिल्म देखते नजर आए। फ्लाइट में फंसे यात्रियों को स्टाफ ने पानी दिया और जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई। उड़ानों पर रोक का असर पड़ोसी देश मेक्सिको के एयरपोर्ट पर भी देखने को मिला।

पीओके में पाकिस्तान ने बनाए 80 आतंकी लॉन्चपैड




बर्फबारी से पहले घुसपैठ की तैयारी

थर्मल सेंसर और एंटी-ड्रोन सिस्टम से निगरानी का दावा

यूनिक समय, नई दिल्ली। पाकिस्तान सर्दियों में बर्फबारी शुरू होने से पहले जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ कराने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में करीब 80 लॉन्चपैड बनाए गए हैं। इनमें 60 से ज्यादा जम्मू क्षेत्र में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के सामने स्थित हैं। इन ठिकानों पर लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के 4 से 5 आतंकियों को रखा गया है। इनकी निगरानी के लिए थर्मल सेंसर और एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए जाने की बात कही गई है। बताया गया है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के समर्थन से आईएसआई इन ठिकानों का संचालन कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को नुकसान पहुंचने के बाद पाकिस्तान ने अपनी रणनीति बदली है। अब बड़े ठिकानों के बजाय छोटे-छोटे लॉन्चपैड बनाए जा रहे हैं, ताकि किसी एक ठिकाने पर कार्रवाई होने से पूरा नेटवर्क प्रभावित न हो। रिपोर्ट के अनुसार, आईएसआई ने हाफिज सईद और मसूद अजहर को भी सुरक्षित ठिकानों पर शिफ्ट किया है। हाफिज को रावलपिंडी और मसूद को सिंध के नवाबशाह में रखा गया है।

दिल्ली जैसी जहरीली थी बीजिंग की हवा, चीन ने दस साल में बदल दी तस्वीर





यूनिक समय, नई दिल्ली। दिल्ली की तरह चीन की राजधानी बीजिंग भी कभी जहरीली हवा की गंभीर समस्या से जूझ रही थी। हालात इतने खराब थे कि आसमान में ऊंची इमारतें तक दिखाई नहीं देती थीं और लोगों की आंखों में जलन के साथ सांस लेने में परेशानी होती थी। सर्दियों में प्रदूषण का स्तर खतरनाक सीमा पार कर जाता था। 2013-14 में बीजिंग का एक्यूआई 700 के पार पहुंच जाता था। हालांकि, चीन ने प्रदूषण से निपटने के लिए 2013 में व्यापक अभियान शुरू किया। इसके तहत कोयले से चलने वाले बॉयलरों पर प्रतिबंध लगाया गया और घरों में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा दिया गया। प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों को बंद किया गया या शहर से दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया। इसके अलावा वाहनों के उत्सर्जन मानक सख्त किए गए और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों पर नियंत्रण लगाया गया। चीन ने सार्वजनिक परिवहन और मेट्रो नेटवर्क का विस्तार किया। निर्माण स्थलों की धूल रोकने, हरित क्षेत्र बढ़ाने और आसपास के औद्योगिक इलाकों में प्रदूषण नियंत्रित करने पर भी काम हुआ। यूएनईपी के मुताबिक, 2013 से 2017 के बीच बीजिंग में पीएम2.5 का औसत स्तर 35% घटा। 2023 तक इसमें 2013 के मुकाबले करीब 66% की गिरावट दर्ज हुई। चीन का अनुभव बताता है कि सख्त नियम, लगातार निगरानी और लंबे समय की योजना से प्रदूषण पर काबू पाया जा सकता है।

पाक जासूस से न्यूड फोटो के लालच में देश से की गद्दारी

आईएएफ विंग कमांडर ने महिला एजेंट को दी सैन्य ठिकानों की गोपनीय जानकारी

चार्जशीट में हुए कई चौंकाने वाले खुलासे



यूनिक समय, नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के एक विंग कमांडर पर पाकिस्तानी महिला जासूस के हनीट्रैप में फंसकर देश की सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां साझा करने का गंभीर आरोप लगा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की ओर से पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में आरोपी की करतूतों से जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी की पहचान विंग कमांडर मनोरथ सिंह सभरवाल के रूप में हुई है, जिसे अगस्त 2026 में गिरफ्तार किया गया था। चार्जशीट के मुताबिक, आरोपी 12 जनवरी से 1 अप्रैल के बीच पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में था। आरोप है कि उसने महिला जासूस को लेह में लड़ाकू विमानों की तैनाती, राजस्थान में सैन्य अभ्यास और ड्रोन यूनिट की क्षमताओं से जुड़ी गोपनीय जानकारी भेजी। इतना ही नहीं, उसने युद्ध के दौरान सेना की संभावित तैनाती से संबंधित दस्तावेजों के पन्ने भी साझा किए। बताया गया है कि उसने हर न्यूड फोटो के बदले वॉर प्लान का एक नया पन्ना देने की बात कही थी। पुलिस ने दोनों के बीच हुई व्हाट्सएप बातचीत की जांच की, जिसमें 3008 मैसेज, 65 फोटो, 42 कॉल और चार वीडियो कॉल समेत कई डिजिटल साक्ष्य मिले। आरोपी ने कथित तौर पर ड्रोन यूनिट के कर्मचारियों की संख्या, उनकी कार्यप्रणाली, परीक्षण और तकनीकी क्षमताओं की जानकारी भी साझा की थी। मामले का खुलासा तब हुआ, जब सुरक्षा कर्मियों ने रेस कोर्स स्थित कार्यालय में आरोपी को प्रतिबंधित आईफोन ले जाते हुए पकड़ लिया। फोन की जांच में संदिग्ध चैट सामने आईं, जिसके बाद वायुसेना ने पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पाकिस्तानी एजेंट के कहने पर उसने अपने अधीन काम करने वाले पांच कर्मचारियों के मोबाइल में जासूसी सॉफ्टवेयर भी डलवाया था। इससे उनकी निजी और सैन्य जानकारियों तक पहुंच बनाई जा सकती थी। अब मामले में अदालत की कार्यवाही जारी है।

गोधरा कांड हादसा नहीं, सोची-समझी साजिश थी: राकेश अस्थाना

सोनिया गांधी की किताब में किए गए दावों को पूर्व एसआईटी प्रमुख ने नकारा

यूनिक समय, नई दिल्ली। गोधरा ट्रेन अग्निकांड को लेकर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की किताब में किए गए दावों पर गुजरात पुलिस के तत्कालीन एसआईटी प्रमुख राकेश अस्थाना ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोनिया के उस दावे को गलत बताया, जिसमें ट्रेन में आग लगने के कारण को विवादित कहा गया है। अस्थाना के मुताबिक, यह कोई हादसा नहीं, बल्कि पहले से रची गई साजिश थी। अस्थाना ने बताया कि जांच के दौरान फोरेंसिक सबूत, चश्मदीदों के बयान और आरोपियों के कबूलनामे सामने आए थे। उन्होंने दावा किया कि 27 फरवरी 2002 को ट्रेन रोकने के लिए कई बार चेन पुलिंग की गई थी। इसके बाद भीड़ ने एस6 कोच को निशाना बनाया और उसमें करीब 140 लीटर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस घटना में 59 लोगों की मौत हुई थी। अस्थाना ने कहा कि जांच के आधार पर आरोपियों को ट्रायल कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट से सजा मिली। वहीं, सोनिया गांधी ने अपनी किताब में आग लगने के कारणों को विवादित बताया है।

बाल दिवस पर स्कूलों में दिखी बच्चों की प्रतिभा, कहीं फूड स्टॉल तो कहीं विज्ञान प्रदर्शनी



रतन लाल फूल कटोरी स्कूल में प्रदर्शनी देखती प्रधानाचार्य डॉ. नीता सिंह आदि



एलीट स्कूल में बाल दिवस मनाते छात्र–छात्राएं।



अशोका इंटेलेक्ट्स ग्लोबल स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में मौजूद छात्र–छात्राएं।

आश्रय सदन की बालिकाओं को संतों ने दिया संस्कारों का संदेश

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई नवाचार और प्रतिभा

यूनिक समय, मथुरा। बाल दिवस पर शनिवार को जिलेभर के स्कूलों और संस्थानों में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। कहीं बच्चों ने फूड स्टॉल लगाकर व्यंजनों का आनंद लिया तो कहीं खेलकूद और विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं वृंदावन के महिला आश्रय सदन में साधु–संतों ने बालिकाओं के बीच पहुंचकर उन्हें शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास का संदेश दिया। राया ब्लॉक के स्कूल में विद्यार्थियों को एग्जाम किट भी वितरित की गई।

एलीट न्यू जनरेशन इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन दिनेशचंद अग्रवाल और डायरेक्टर संगीता अग्रवाल ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य अंकित खंडेलवाल ने सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शिक्षा और स्वस्थ वातावरण को जरूरी बताया। शिक्षकों ने खाने-पीने और खेलों के स्टॉल लगाए। एडमिनिस्ट्रेटर मुकेश चौधरी और ओएसडी डॉ. सौरभ तिवारी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

वृंदावन के चैतन्य बिहार स्थित महिला आश्रय सदन में हरिदासीय संप्रदाय के महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू और महंत मोहिनी बिहारी शरण ने बालिकाओं को आशीर्वाद दिया। भागवताचार्य अनमोल शास्त्री और ज्ञानेश गौड़ ने गीता के उपदेशों के जरिए कर्म, अनुशासन और सदाचार का संदेश दिया। इस दौरान डीपीओ विकास कुमार, प्रशिक्षिका आशा गौड़, प्रगति खरे, खुशबू और रजनी मौजूद रहीं। रतन लाल फूल कटोरी देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्या डॉ. नीता सिंह ने फीता काटकर फूड स्टॉल और खेल गतिविधियों का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा और कल्पनाशीलता को निखारने पर जोर दिया। रंग–बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। भरतपुर रोड स्थित अशोका इंटेलेक्ट्स ग्लोबल स्कूल, तारसी में बाल दिवस पर शनिवार को वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 'समग्र विकास' थीम पर आधारित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान, पर्यावरण और तकनीक से जुड़े आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रदर्शनी में स्मार्ट मूवेबल डस्टबिन, ऑब्जेक्ट अवॉइडर, स्मार्ट डिश सर्विंग रोबोट, ऑटोमैटिक बूम बैरियर और गेस्ट काउंटर मॉडल विशेष आकर्षण रहे। चिराग, भानु, कुनाल, मुस्कान, मयंक, दिव्यांशी और मोहिनी सहित विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली समझाई। इसके साथ फूड स्टॉल्स और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। अभिभावकों और अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा बच्चों के नवाचारों की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक एवं अध्यक्ष डॉ. निर्मल अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान और रचनात्मकता विकसित करता है। विज्ञान प्रदर्शनी, फूड स्टॉल और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

300 टायर वाला विशालकाय ट्रेलर हाईवे पर हुआ पंचर, लगा जाम

रामा हॉस्पिटल के पास धीमी हुई वाहनों की रफ्तार

राहगीरों को उठानी पड़ी परेशानी



यूनिक समय, फरह। राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को 300 टायर वाला विशालकाय हाइड्रोलिक ट्रेलर पंचर होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। हरिद्वार (उत्तराखंड) से भोपाल की ओर विद्युत विभाग का भारी उपकरण लेकर जा रहा ट्रेलर फरह पार करते ही रामा हॉस्पिटल के पास पंचर हो गया। ट्रेलर के हाईवे पर खड़े होने से वाहनों की रफ्तार थम गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने लगीं।

विशालकाय ट्रेलर के कारण हाईवे पर उपलब्ध जगह कम हो गई। ऐसे में छोटे और बड़े वाहनों को धीरे-धीरे निकलना पड़ा।

इससे वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालक काफी देर तक जाम में फंसे रहे। हाईवे पर यातायात की रफ्तार धीमी होने से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।

ट्रेलर के साथ चल रही कंपनी की पेट्रोलिंग टीम के इंजीनियर और हेल्परों ने कड़ी मशक्कत कर पंचर को ठीक किया। मरम्मत पूरी होने और ट्रेलर के आगे बढ़ने के बाद काफी देर से बाधित यातायात धीरे-धीरे सुचारू हो सका। बताया गया कि ट्रेलर पर विद्युत विभाग का भारी-भरकम उपकरण लदा था, जिसे विशेष हाइड्रोलिक ट्रेलर के जरिए ले जाया जा रहा था।

नेहरू की जयंती पर कांग्रेसियों ने अर्पित किए पुष्प



पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

यूनिक समय, मथुरा। देश के प्रथम प्रधानमंत्री-स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती पर शनिवार को सेठबाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि पंडित नेहरू का मानना था कि देश की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक शिक्षित, स्वस्थ, आत्मनिर्भर और खुशहाल हो। पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद तमाम चुनौतियों के बीच पंडित नेहरू ने देश के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को नई दिशा देने का काम किया। कार्यक्रम में मनोज गौड़, लता चौहान, रूपा लवानिया, दीपक दीक्षित, अनमोल कुंतल, रवि वाल्मीकि, रमेश कश्यप, जिलानी कादरी, महेश चौबे, शैलेंद्र चौधरी, बलवीर सिंह, अनिल खरे, अशोक श्रीवास्तव, शंकरलाल, लोकेंद्र सिंह, राजेश कुमार, सुरेश शर्मा और दिलशाद खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन विक्रम वाल्मीकि ने किया।

मोहित चौधरी की तूफानी पारी से मास्टर्स इलेवन ने आठ विकेट से जीता मुकाबला



यूनिक समय, मथुरा। लायंस क्लब मथुरा प्रीमियम की ओर से आयोजित लायंस प्रीमियर लीग के दूसरे दिन मास्टर्स इलेवन और बीएस टाइटंस के बीच मुकाबला खेला गया। इसमें मास्टर्स इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बीएस टाइटंस को आठ विकेट से पराजित कर दिया। मैच में मोहित चौधरी की तूफानी बल्लेबाजी आकर्षण का केंद्र रही। मुकाबले में मास्टर्स इलेवन के कप्तान ने टॉस जीतकर बीएस टाइटंस को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएस टाइटंस की टीम 18.1 ओवर में 145 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से सांचित ने 31, देवा और सौरभ बंसल ने 27–27, शुभम मित्तल ने 16, गौरव मित्तल ने 10 और धीरज ने आठ रन बनाए। मास्टर्स इलेवन की ओर से मोहित चौधरी और श्लोक ने दो–दो विकेट लिए, जबकि राहुल गर्ग, मनीष अग्रवाल और सनी चोपड़ा ने एक-एक विकेट हासिल किया। 146 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मास्टर्स इलेवन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 16.2 ओवर में दो विकेट खोकर 149 रन बना लिए। टीम की जीत के नायक मोहित चौधरी रहे। उन्होंने 58 गेंदों पर 92 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 14 चौके और दो छक्के शामिल रहे।

एलएन अंकुश शील गोपाल ने 14 रन बनाए, जबकि सनी चोपड़ा ने पांच गेंदों पर 12 और अमन दास गोयल ने छह रन बनाकर नाबाद रहे। मोहित की विस्फोटक बल्लेबाजी और गेंदबाजों के सधे हुए प्रदर्शन से मास्टर्स इलेवन ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। मुकाबले के दौरान लायंस क्लब मथुरा प्रीमियम के पदाधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

एशियन पैरा गेम्स के रजत पदक विजेता राम रतन सिंह का स्वागत



एशियन पैरा गेम्स के रजत पदक विजेता राम रतन सिंह का स्वागत करते उप जिला क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह और अन्य।

10.35 मीटर डिस्कस थ्रो कर जीता रजत पदक

खेल अधिकारियों और खिलाड़ियों ने फूल-मालाओं से किया सम्मानित

यूनिक समय, मथुरा। अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर जिले का नाम रोशन करने वाले पैरा खिलाड़ी राम रतन सिंह का शनिवार को स्व. मोहन पहलवान स्टेडियम, गणेशरा में भव्य स्वागत किया गया। एशियन पैरा गेम्स 2026 में रजत पदक जीतकर लौटे राम रतन सिंह का खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया। एशियन पैरा गेम्स की पुरुष डिस्कस थ्रो (एफ–51) स्पर्धा में राम रतन सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10.35 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर समारोह में मौजूद लोगों ने खुशी जताते हुए इसे वर्षों की मेहनत, लगन, अनुशासन और मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम बताया। वक्ताओं ने कहा कि राम रतन सिंह ने साबित कर दिया है कि शारीरिक चुनौतियां प्रतिभा और सफलता के रास्ते में बाधा नहीं बन सकतीं। उनकी उपलब्धि से ब्रज क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। समारोह में उप जिला क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह, कमल किशोर सुमन, एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव जय सिंह, कोच दलवीर कोंतेय, दिनेश चंद, पवन कुमार शर्मा, विनोद यादव, प्रकांक्षा सिंह, धीरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, पातीराम और उमाशंकर गौतम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जोधपुर विद्यालय का मामला गरमाया प्रधानाध्यापक पर शराब पीने के आरोप

स्टाफ का वेतन रोके जाने के बाद वायरल फोटो-वीडियो से मचा हड़कंप



यूनिक समय, मथुरा/फरह। फरह ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जोधपुर का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। विद्यालय को निर्धारित समय से पहले बंद किए जाने के मामले में समस्त स्टाफ का वेतन रोके जाने के बाद अब प्रधानाध्यापक को लेकर नए आरोप सामने आए हैं। इंटरनेट मीडिया पर प्रधानाध्यापक मुकेश सिकरवार के कुछ फोटो और वीडियो वायरल होने का दावा किया जा रहा है। इनमें विद्यालय परिसर में शराब पीने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक मुकेश सिकरवार अक्सर अपनी मर्जी से विद्यालय से चले जाते हैं। उनकी उपस्थिति और कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना अनुमति विद्यालय से अनुपस्थित रहने और दूसरे व्यक्ति से हस्ताक्षर कराने जैसी शिकायतें भी पहले सामने आती रही हैं। इधर, सूत्रों के हवाले से चर्चा है कि फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद प्रधानाध्यापक ने मेडिकल अवकाश लिया है। इसे उच्चाधिकारियों से स्वीकृति मिलने की बात भी कही जा रही है। हालांकि, वायरल फोटो और वीडियो की प्रामाणिकता और उनमें किए जा रहे दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मामले के तूल पकड़ने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि वायरल फोटो और वीडियो की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही विद्यालय की उपस्थिति पंजिका और अन्य अभिलेखों की पड़ताल की जाए। आरोप सही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। अब विभागीय जांच और अधिकारियों के रुख पर सबकी निगाहें टिकी हैं।